CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 08°C

नई दिल्ली, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन : कांग्रेस पेज 2



स्मृति मंधाना 4,000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं खेल टाइम्स



रोजगार के लिए गारंटी मिशन सम्पादकीय



भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: आसिम मुनीर पेज 12



जम्मू-कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू के बाहरी इलाके नागरोटा स्थित एनसीसी शिविर में पूर्ण पोशाक पूर्वाभ्यास में भाग लेते हुए।

# मनरेगा का खत्म होना सबकी नैतिक नाकामी: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा: देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा**

**मनरेगा पर बुलडोजर शीर्षक से छपा सोनिया गांधी का लेख पढ़ें: राहुल-प्रियंका गांधी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और दूसरे कानूनों में बदलावों के जरिये वह जनता के अधिकारों पर आधारित कानूनी ढांचे को खत्म कर रही है।

श्रीमती गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक में सोमवार को अपने लेख में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा का कमजोर होना 'सबकी नैतिक नाकामी' है। इससे देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक कल्याण की पहल नहीं थी, बल्कि यह अधिकारों पर आधारित कार्यक्रम था, जो गांव के परिवारों को रोजी-रोटी की सुरक्षा और सम्मान देता था। मनरेगा ने महात्मा गांधी के सभी के कल्याण के सपने को पूरा किया और काम करने



का संवैधानिक अधिकार दिया था। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने सभी से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है कि हम एकजुट हों और उन अधिकारों की रक्षा करें, -शेष पृष्ठ दो पर

## संसदीय समिति वीबी-जी राम जी से मनरेगा पर प्रभाव की करेगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने मनरेगा और वीबी - जी राम जी अधिनियम की समीक्षा करने के लिए 29 दिसम्बर की प्रस्तावित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

इस बैठक में वीबी - जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी और पुरानी एवं नई योजना की तुलना की जाएगी। यह बैठक वीबी-जी राम जी विधेयक को संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मंजूरी देने के पश्चात हो रही है। इस नए कानून का मकसद ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी के लिए एक नया ढांचा देना है। इसे दो मुख्य आधारों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है। पहला यह कि यह प्रभावी रूप से महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की जगह लेता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में एक फीट तक बर्फबारी, मुगल रोड बंद

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में 40 दिन के चिल्लई कलां की शुरुआत रविवार से हो गई। पहले ही दिन गुलमर्ग-सोनमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे बर्फबारी जारी रह सकती है। कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए हैं। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं।
जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंच रही हैं। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मध्य प्रदेश के 16, यूपी के 40, राजस्थान के 10, बिहार के 24, हरियाणा के 12 और उत्तराखंड के 6 जिले कोहरे की चपेट में हैं। यूपी और झारखंड में सर्दी के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इंजन में खराबी के कारण दिल्ली लौटा एआई का विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का दिल्ली से मुंबई जा रहा एक विमान सोमवार सुबह इंजन में खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 887 दिल्ली से मुंबई जा रही थी। रास्ते में तकनीकी समस्या के कारण चालक दल के सदस्यों ने विमान को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया। विमान की दिल्ली में सकुशल लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। उन्हें पूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विमान की जांच की जा रही है।

### आज श्रीलंका जाएंगे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व संग करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका का दौरा करेंगे और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है और यह भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति को प्रदर्शित करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया उत्तराखंड में वन भूमि अतिक्रमण पर स्वत: संज्ञान

## शीर्ष अदालत ने वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ वन विभाग को दिया निर्देश, जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं, खाली जमीन को अपने कब्जे में लें**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर बड़े पैमाने पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जे के आरोपों को लेकर सोमवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की।

पहाड़ी जिलों में संरक्षित वन भूमि पर अनधिकृत कब्जे से जुड़ा यह मामला अदालत की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगा दी। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिया कि जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं हैं, वहां की सारी खाली वन भूमि अपने कब्जे में ली जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की कथित निष्क्रियता पर चिंता जताई और कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें यह देखकर हैरानी हो रही है कि उत्तराखंड राज्य और उसके अधिकारी आंखों के सामने वन भूमि पर कब्जा होते देख भी मूक दर्शक बने हुए हैं। इसलिए हम इस मामले में स्वत: संज्ञान ले रहे हैं। न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्य -शेष पृष्ठ दो पर



## माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक, बची रहेगी विधायकी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे की 1995 के धोखाधड़ी मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीमित समय के लिए दोषसिद्धि पर रोक लगाने के आदेश से श्री कोकाटे फिलहाल विधानसभा की अयोग्यता से बच जाएंगे, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। भारत के मुख्य



न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने श्री कोकाटे की ओर से बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उनकी सजा तो निलंबित कर दी थी, लेकिन दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था।

# सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नोटिस जारी

## नेशनल हेराल्ड मामला

**■ दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसम्बर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है। विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्टूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# धुंध की मोटी चादर में लिपटी दिल्ली

**■ दृश्यता कम होने के चलते लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सोमवार सुबह ज़हरीली धुंध की मोटी चादर में लिपटी रही और कम दृश्यता होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सीपीसीबी के डेटा के अनुसार सुबह 6.05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 366 था, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए 24 घंटे के औसत 377 से थोड़ा बेहतर था। सीपीसीबी के अनुसार एक्यूआई 101 और 200 के बीच मध्यम स्तर का होता है। इसके बाद 201 और 300 के बीच खराब और 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' होता है। वहीं, 400 से ऊपर का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में आता है।बहुत खराब हवा में लंबे समय तक रहने से सांस की समस्या हो सकती है। यह उन लोगों के लिए खतरनाक है, जिन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं है। दिल्ली में रविवार को दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही थीं और पिछले 24 घंटों में हवा की गति 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई थी, जिससे हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ।

# मां-बेटी से गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ प्रत्येक को 1.81 लाख रुपये अर्थदंड भी सुनाया, एक दोषी की हो चुकी है मौत, दो एनकाउंटर में हुए ढेर**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात गाजियाबाद निवासी कार सवार परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सभी परिजनों से लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों की सजा का ऐलान हो गया।

विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ओपी वर्मा ने सभी दोषियों को उम्रकैद और 1.81 लाख रुपये प्रत्येक को अर्थदंड सुनाया। अर्थदंड की राशि का आधा हिस्सा पीड़ित बेटी और उसकी मां को दिया जाएगा। मामले में पीड़ित परिवार ने दरिंदों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। सजा सुनाते हुए एडीजीसी वरुण कौशिक ने कहा कि ऐसे राक्षसों को सभ्य समाज से दूर रखा जाए। वहीं सजा सुनने के बाद आरोपियों ने कहा कि हम बेकसूर हैं, निर्दोषों को सजा सुनाई गई है। इस प्रकरण में छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। जिनमें से एक आरोपी की पूर्व में ही जिला कारागार में बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। जबकि, दो आरोपियों को अलग-अलग मामलों में नोएडा व हरियाणा पुलिस एनकाउंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

# उप्र विधानसभा में 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ बजट का आकार मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का लगभग 3.03 प्रतिशत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट पेश करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 का मूल बजट आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये का था, जिसके सापेक्ष अनुपूरक बजट का आकार 3.03 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा के तहत 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजी लेखा के तहत 6,127.68 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है। श्री खन्ना ने कहा कि इस बजट में औद्योगिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, मेडिकल शिक्षा तथा गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 4,521 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़ रुपये, महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ रुपये, नेडा के लिए 500 करोड़ रुपये और मेडिकल शिक्षा के लिए 423 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ मोदी-लक्सन की टेलीफोन वार्ता के बाद हुई घोषणा**
**■ भारतीय माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा**

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक बाजार में भारतीय इकाइयों के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के बीच सोमवार को न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सम्पन्न होने की घोषणा की, जो इस साल ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए व्यापक आर्थिक सहयोग के समझौतों के बाद भारत का तीसरा समझौता है।

इसके तहत न्यूज़ीलैंड अपने यहां आयात की जाने वाली सभी तरह की वस्तुओं (अपनी शत-प्रतिशत प्रशुल्क सूचियों) पर शुल्क समाप्त करेगा। इससे वहां भारत से जाने वाले सभी प्रकार के माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिल गया है। इस कदम से वहां के बाजार भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता सेवाओं के क्षेत्र में न्यूज़ीलैंड का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्ताव है, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत-न्यूजीलैंड एफटीए की संयुक्त रूप से घोषणा की गई। दोनों प्रधानमंत्रियों की इसी वर्ष मार्च में हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की थी। दोनों नेताओं ने कहा कि नौ महीने के रिकॉर्ड कम समय में समझौता वार्ता का पूरा होना साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा है कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच संबंधों का और विस्तार होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इससे व्यापार में वृद्धि के साथ एक दूसरे के यहां निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते की व्यवस्थाओं से दोनों देशों में नवाचार में लगे लोगों, उद्यमियों, किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों, छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए मौके भी पैदा होंगे।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में मासूम को सोते से दबोच ले गया भेड़िया

**बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़ियों को आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिले के फखरपुर ब्लॉक स्थित रसूलपुर बरेटा गांव में भेड़िया एक तीन साल के मासूम बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग गया। काफी तलाश के बाद बच्चे का क्षत विक्षत शव मिला। गांव के निवासी राम मनो. हर, जो पंजाब में मजदूरी करते हैं, की पत्नी ननकई अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। सोमवार की सुबह ननकई बरामदे में अपने तीन साल के बेटे अंशु को दूध पिलाने के बाद चारपाई में बच्चे को सुला कर अन्य काम में लग गई। इस बीवएक भेड़िया ने हमला कर दिया और मासूम को जबड़े में दबाकर भाग निकला। मां ननकई चीख-पुकार करते हुए भेड़िए के पीछे दौड़ी और करीब सौ मीटर तक उसका पीछा किया, लेकिन घने कोहरे के कारण भेड़िया गायब हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग को घटना की जानकारी दी।

### धर्मांतरण के आरोप में ईसाई मिशनरी के चार लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में कथित रूप से प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले ईसाई मिशनरी के एक महिला समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज. श द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के एक कॉलोनी में रविवार को धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां एक बड़े कमरे में सभा चल रही थी। सभा स्थल पर ईसाई धर्म का प्रतीक चिन्ह भी लगा हुआ था और वहां दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं, जिनमें इसाई के अलावा हिंदू महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

# डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन:कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींच रहे

कांग्रेस ने कहा है कि पटना में एक डॉक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत। हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्क्त बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, ये सवाल बहुत गंभीर हो गया है। टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी। अब कहा जा रहा है साब उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है। नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री है और उन्होंने डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब कैमरे के सामने खींचने की बार बार कोशिश की है। इस दृश्य को देखकर कितने मां बाप हिम्मत दिखाएंगे कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए भेजें। कांग्रेस नेता ने कहा कि पढ़ लिखकर, मेहनत करके गरीबी से निकल. कर डाक्टर बनी नुसरत परवीन में सोचा था कि अच्छी नौकरी करेगी, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री ही इस तरह की हरकत करते हैं। इस हरकत के बाद कोई हिम्मत दिखाएगा कि वह अपनी बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। यहां सवाल हिजाब का नहीं, डाक्टर नुसरत परवीन का नहीं, बात मुसलमान की भी नहीं है, बात पल्लू की नहीं और घूंघट की भी नहीं है, सिखों की पगड़ी, धोती और लूंगी की भी नहीं है, बात है आपकी और मेरी मर्जी की, बात है मेरी और आपके सम्मान की, बात ये है कि अगर बच्ची पढ़ के बाहर निकलेगी, सार्वजनिक स्थान पर जाएगी तो फिर उसके लिए माहौल और वातावरण कितना सुरक्षित है, वह कितना महफूज महसूस करती है, इस आजादी को हम खत्म करते जा रहे हैं।

### हमारी सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी 70 के दशक में कर दी थी शुरू: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार की गारंटी की वह शुरू से ही समर्थक रही है और यही वजह है कि उसके नेतृत्व वाली सरकार ने 1970 में महाराष्ट्र में ग्रामीणों को सूखे के संकट से उबारने के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू कर दी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि 1970 के दशक में भीषण सूखे के बाद, महाराष्ट्र में वीपी नाइक के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण संकट से निपटने के लिए अग्रणी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत भर थी, इसके बाद 1980 के दशक के आरंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो नई योजनाओं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एनआरईपी) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम शुरू कर दी थी।

# विधान परिषद में सपा सदस्यों ने उठाया पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को राज्य विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह ने सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया गया है।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नगर विंकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई पेंशन प्रणाली को राज्य के राजकोषीय संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ न केवल सरकारी कर्मचारियों, बल्कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों तथा सामान्य जन के लिए बेहतर, राष्ट्रव्यापी वृद्धावस्था सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। मंत्री ने यह भी कहा कि एनपीएस दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे भविष्य में पेंशन दायित्वों का प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सके। इस पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है और कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का भरोसा देती है।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली जरूरी: डीजीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि अब आपदा प्रबंधन केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए पूर्वानुमान आधारित, योजनाबद्ध और प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग अपनी-अपनी तैयारियां करते हैं, लेकिन आपात स्थिति में इन सभी को एकीकृत, समन्वित और समयबद्ध प्रतिक्रिया में बदलना सबसे अहम है। सोमवार को आगामी माघ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) द्वारा प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं टेबल-टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सहभागिता की। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन योगेन्द्र डिमरी, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के संबोधन से हुआ। इस अवसर पर माघ मेला के दौरान भीड़ के प्रभावी व्यवस्थापन, डूबने की घटनाओं की रोकथाम, शीत लहर तथा अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कृष्ण ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि कुंभ और माघ मेला विश्व के सबसे बड़े पब्लिक गैदरिग इवेंट में शामिल हैं।

### सपा विधायक अतुल प्रधान के सवाल पर सीएम का तीखा जवाब

# समय आने दीजिए जरूर चलेगा बुलडोजर:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विधानसभा में कहा: पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है, जांच होने दीजिए

■ वंदेमातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था। वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है। योगी ने कहा कि एसटीएफ प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के भीतर कोडीन कफ सिरप का उत्पादन नहीं होता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कोडीन कफ सिरप का उत्पादन मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में होता है। जिन मौतों के मामले सामने आए हैं, वे अन्य राज्यों से संबंधित हैं, न कि उत्तर प्रदेश से। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगी और नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार कफ सिरप मामले के आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। इससे पहले सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि कोडीन माफिया को सरकार बचा रही है। सरकार का पूरा संरक्षण कोडीन माफिया के साथ है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कह चुके हैं कि इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि सरकार कोडीन माफिया के साथ है। विधानसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदेमात. रम स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक है।

### विधानसभा में कफ सिरप मामले को लेकर सपा का हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसंभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा विधायक अतुल प्रधान हाथों में पोस्टर और होर्डिंग लेकर विधानसभा पहुंचे। हंगामे को विधानसभा अध्यक्ष ने शांत कराया, जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हो गई। अतुल प्रधान के एक पोस्टर में कफ सिरप की तस्वीर के साथ सिपाही आलोक सिंह के घर की फोटो लगी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित मामले में बुलडोजर कार्रवाई कब की जाएगी। वहीं एक अन्य पोस्टर में लैंड क्रूजर वाहन की तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने पूछा कि कथित तौर पर माफिया से जुड़ी इस गाड़ी को कब जब्त किया जाएगा। इस पोस्टर के जरिए उन्होंने धनंजय सिंह पर निशाना साधा। अतुल प्रधान अपने साथ सीटियां भी लेकर आए और लगातार सीटियां बजाईं।



सेंसेक्स 85567.48
निफ्टी 26172.40



सोना रु. 132394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200336
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और प्रमुख सूचक. ांक ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75 प्रतिशत) की बढ़त में 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 206 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 26,172.40 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 5 दिसम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.17 प्रतिशत मजबूत हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। आईटी और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही। रसायन, ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में भी अच्छी मजबूती देखी गई। एनएसई में कुल 3,283 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,252 के शेयर हरे निशान में और 923 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेसेक्स में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 3.56 फीसदी और इंफोसिस का 3.06 फीसदी चढ़ा। भारती एयरटेल में 2.43 फीसदी, टेक महिद्रा में 2.09, प्रतिशत से अधिक तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.67 प्रतिशत, बीईएल में 1.57, सनफार्मा में 1.50, मारुति सुजुकी में 1.32, टीसीएस में 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.05 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.60 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो के शेयर लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.81 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 69 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.04 फीसदी ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.42 फीसदी की गिरावट रही।

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा: उद्योग जगत

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने न्यूजीलैंड के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक व्यापार में भारत की पैठ बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फिक्की भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करता है। यह हिद-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश प्रवाह और परस्पर सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों देशों के लिए व्यवसाय के नए अवसर बनेंगे। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत 2047 के भारत के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय निर्यात के लिए शत-प्रतिशत शून्य-शुल्क पर पहुंच उपलब्ध होगी। इससे छात्रों, पेशेवरों, छोटे तथा मझौले उद्यमों और श्रम-प्रधान सेक्टरों को मदद मिलेगी। निवेश, नियामक सहयोग और शुल्क-मुक्त निर्यात से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ भारतीय उद्योग के सभी सेक्टर जुड़ सकेंगे।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में गिरावट रही। चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 113 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 14 रुपये टूटकर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर आ गई। आटे की कीमत 13 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की कीमत औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 156 रुपये और चना दाल 148 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 122 रुपये और उड़द दाल 94 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 82 रिंगिट चढ़कर 3,987 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 71 रुपये और पाम ऑयल 56 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति का भाव 142 रुपये और मूंगफली तेल का 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7856.18 रुपये, मसूर काली 8161. 56 रुपये, मूंग दाल 10095.27 रुपये, उड़द दाल 10374.80 रुपये, तुअर दाल 10601.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.18 रुपये और चावल 3852.72 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड: चीनी एस 4312.81 रुपये और गुड़ 4975.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17616.64 रुपये, मूंगफली तेल 17862.47 रुपये, सूरजमुखी तेल 15772.78 रुपये, सोया तेल 13792. 47 रुपये, पाम ऑयल 12448.27 रुपये और वनस्पति 14468.87 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मनरेगा का..** . जो हम सभी की रक्षा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कई बुनियादी अधिकारों को एक-एक कर खत्म कर रही है। खेती क़ानूनों में सुधार का जिक्र करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कृषि से संबंधित तीन काले कानूनों के जरिये सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की थी। उन्होंने आगाह किया कि सरकार भविष्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को खत्म कर सकती है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि मनरेगा को खत्म कर उसने देश के लोकतंत्र और मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। श्रीमती वाड्रा और श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को अपनी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में छपे लेख के समर्थन में यह टिप्पणी की है, जिसमें श्रीमती गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म कर करोड़ों मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर बुलडोजर चलाया है। श्री गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा कि न जनसंवाद, न संसद में चर्चा, न राज्यों की सहमति - मोदी सरकार ने मनरेगा और लोकतंत्र दोनों पर बुलडोज़र चला दिया है। यह विकास नहीं, विनाश है-जिसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीय अपनी रोज़ी रोटी गंवा कर चुकाएंगे। श्रीमती गांधी जी का इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता हुआ लेख ज़रूर पढ़ें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मनरेगा ने महात्मा गांधी के सर्वोदय 'सभी का कल्याण' के दृष्टिकोण को साकार किया और काम करने के संवैधानिक अधिकार को लागू किया। इसका अंत हमारी सामूहिक नैतिक विफलता है, जिसके वित्तीय और मानवीय परिणाम भारत के करोड़ों मेहनतकश लोगों के लिए आने वाले वर्षों तक गंभीर रहेंगे। अब पहले से कहीं अधिक यह अनिवार्य है कि हम एकजुट होकर उन अधिकारों की रक्षा करें, जो हम सभी की रक्षा करते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने...** सचिव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को निर्देश दिया कि वे एक तथ्य-जांच समिति गठित करें, जो जमीनी हालात का आकलन कर अतिक्रमण की सीमा और राज्य प्रशासन की कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। स्थिति में कोई और बदलाव न हो, इसके लिए पीठ ने निजी पक्षों को वन भूमि पर किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोक दिया और स्पष्ट किया कि अगले आदेश तक कोई निर्माण नहीं होगा। अदालत ने दोहराया कि रिहायशी मकानों को छोड़कर सारी खाली वन भूमि वन विभाग के कब्जे में ली जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को न्यायालय के पुनः खुलने के बाद होगी। न्यायालय में 19 दिसम्बर से 5 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां हैं। उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा कई रिपोर्टों में सामने आता रहा है, खासकर संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में, जहां तेजी से शहरी विस्तार हो रहा है।

**मां-बेटी से...** ढेर कर दिया है। 28 जुलाई की रात नोएडा निवासी एक परिवार के छह सदस्य शाहजहांपुर अपने पैतृक गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के निकट अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर कुछ लोहे की वस्तु फेंक कर रुकवा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने कार सवार किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बनाया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ एक खेत में ले गए। जहां, आरोपियों ने तीनों पुरुषों के हाथ पैर बांध दिए और वादी मुकदमा की 14 वर्षीय किशोरी व पत्नी के साथ आरोपियों ने खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी वहां से लूटपाट कर भाग निकले थे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा अफसरों की ऊर्जा व नई सोच महत्वपूर्ण: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नया करने की सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग की 275 वर्षों से अधिक पुरानी समृद्ध तथा गौरवशाली विरासत है, जो इसे सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक विकसित भारत बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है इसे हासिल करने में सिविल सेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि ये समावेशी हों और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नई सोच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने अधिक. ारियों से आग्रह किया कि उन्हें सेवा भाव और कर्तव्य बोध को अपना मार्गदर्शक मंत्र बनाना चाहिए। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सेवा भारतीय सशस्त्र बलों और संबद्ध संगठनों के वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा सेवाओं की लेखा एवं वित्तीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सशस्त्र बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को समझना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की परिच. ालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता, सतर्कता और जवाबदे. ही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि सार्वजनिक धन करदाताओं की कड़ी मेहनत की कमाई का होता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदल रहे प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के युग में निरंतर क्षमता निर्माण के महत्व पर भी जोर दिया।

# अजय कुमार ने रेल सुरक्षा सुधारों की मांग की

■ घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अजय कुमार ने सोमवार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए देश की सभी रेलवे लाइनों पर सुरक्षा कवच लगाने तथा रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल करने की मांग की।

कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में किराया वृद्धि की हालिया घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया। उन्होंने सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए उस पर रेलवे को जनसेवा के बजाय 'वसूली का जरिया' बनाने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भारतीय रेलवे की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 2024 के चुनावों के बाद से सरकार द्वारा बार-बार किराया बढ़ाने पर प्रकाश डाला और बताया कि प्रति किलोमीटर किराया 2014 में 32 पैसे से बढ़कर आज 67 पैसे हो गया है, जो दोगुने से भी अधिक है। उन्होंने सरकार के संचार के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने आधिकारिक घोषणा के बजाय परिपत्र के माध्यम से पत्रकारों को सूचित करना चुना। कुमार ने यात्रियों के खराब अनुभवों की ओर ध्यान दिलाया और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें रेलवे के भोजन को 'मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त' बताया गया है, जबकि 2014 से भोजन की कीमतें 30 रुपये से बढ़कर 120 रुपये हो गई हैं।

CMYK

# दिल्ली-एनसीआर में सर्दी, कोहरा व प्रदूषण की मार, एक्यूआई 400 के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सर्दी, कोहरा और प्रदूषण का तिहरा संकट लगातार गहराता जा रहा है। मौसम विभाग (आईएमडी) और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों के ताजा आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं।

ठंड के साथ घने कोहरे ने जहां जनजीवन को प्रभावित किया है, वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई इलाकों में 400 के पार पहुंचकर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 22 दिसंबर को सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है। इस दिन अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 23 दिसंबर को भी कोहरे का असर जारी रहने की संभावना है, हालांकि इसे 'मध्यम कोहरा' की श्रेणी में रखा गया है। इस दिन तापमान 22 डिग्री अधिकतम और 10 डिग्री न्यूनतम रहने का अनुमान है। 24 दिसंबर को तापमान में और गिरावट के संकेत हैं, जहां अधिकतम 19 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

प्रदूषण की बात करें तो दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 404, बवाना में 408, नरेला में 418, मुंडका में 401, डीटीयू में 400 और पंजाबी बाग में 380 के आसपास दर्ज किया गया। ओखला फेज-2 में एक्यूआई 386, नेहरू नगर में 394, अशोक विहार में 392 और अलीपुर में 391 रिकॉर्ड किया गया। नोएडा के सेक्टर-1 में एक्यूआई 381, सेक्टर-62 में 335 और सेक्टर-116 में 344 दर्ज हुआ। वहीं, गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक्यूआई 313, संजय नगर में 341 और वसुंधरा में 394 तक पहुंच गया है। ये आंकड़े साफ तौर पर बताते हैं कि पूरा एनसीआर प्रदूषण की चपेट में है। बढ़ते प्रदूषण और खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। दिल्ली में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की अनुमति दी गई है। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा पांचवीं तक के स्कूलों को ऑनलाइन मोड में चलाया जा रहा है, जबकि छठी से 12वीं तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित की जा रही हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल आने वाले दिनों में मौसम से किसी बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है। ठंडी हवाओं की कमी और उच्च आर्द्रता के चलते कोहरा और प्रदूषण दोनों बने रह सकते हैं।

## शास्त्री पार्क में मिला अज्ञात महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में एक युवती का शव मिलने से इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया,अभी इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई गई कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई है और वह कौन है स फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार 22 दिसंबर की दोपहर शास्त्री पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला बेहोशी की हालत में यमुना खादर में स्थित श्याम गिरी मंदिर के सामने पड़ी हुई है,जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तब उनको मौके पर एक महिला का शव पड़ा हुआ मिला जिसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे है स साक्ष्य जुटाने और अपराध में शामिल संदिग्धों को पकड़ने के लिए टीमें तैनात की गई हैं। मामले की जांच जारी है।

# आग की लपटों से खेल गया कांस्टेबल, परिवार की बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मोहन गार्डन स्थित एक घर में सिलेंडर में आग लग गई। बिल्डिंग में अगर सिलेंडर फट जाता तो कई लोगों की जान जा सकती थी। मगर कांस्टेबल ने जान जोखिम में डालकर सिलेंडर को बाहर निक.ालकर आग को बुझाया। कांस्टेबल की इस बहादुरी पर पुलिस के आला अधिकारियों ने उसका प्रशंसा की। वहीं द्वारका के महावीर एंक्लेव इलाके में एक दुकान में आग लगने से एक व्यक्ति झुलस गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात नौ बजकर 39 मिनट पर मोहन गार्डन पुलिस को एक चार मंजिला बिल्डिंग में सिलेंडर फटने की पीसीआर कॉल मिली थी। मामले की जानकारी मिलने पर एसएचओ मुकेश अंतिल स्टॉफ के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले ही कांस्टेबल अनिल मौके पर पहुंचे और बिल्डिंग में अकेले जाकर पहले सभी को बाहर निकाला। रसोई में जाकर देखा एक सिलेंडर में आग लगी हुई थी। कांस्टेबल ने बिना किसी डर के सिलेंडर पर गिला कपड़ा डालकर आग को बुझाने की कोशिश की। आग और ज्यादा बढने लगी। इसके बावजूद कांस्टेबल ने सिलेंडर को रसोई से बाहर निकाला,एक वक्त कांस्टेबल के कपड़ों में भी आग लगने का खतरा मंडराने लगा था। किसी तरह से सिलेंडर में लगी आग को बुझाया। अगर सिलेंडर फट जाता तो बिल्डिंग में आग लगने से काफी नुकसान हो जाता। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल अनिल ने एक हीरो की तरह काम करते हुए कई लोगों की जान बचाने के लिए असाधारण निडरता दिखाई, क्योंकि इस एक बिल्डिंग में सोलह परिवार रहते हैं और यह समझते हुए कि सभी निवासियों को तुरंत निकालना संभव नहीं होगा, कांस्टेबल अनिल ने यह नेक काम किया। आने वाले खतरे को भांपते हुए, उन्होंने फायर ब्रिगेड के आने का इंतजार किए बिना काम किया और एक बड़ी त्रासदी को टाला और अपनी जान की थोड़ी भी परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। यह कुछ लोगों को अजीब लग सकता है लेकिन यह दिल्ली पुलिस के जवान की सहज प्रवृत्ति और हिम्मत है जिसे हम सभी जमीन पर देखना चाहते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है।

वहीं एक अन्य हादसे में द्वारका स्थित महावीर एंक्लेव पार्ट-1 गुरुद्वारा के पास रात चार बजकर 15 मिनट पर ग्राउंड फ्लोर पर एक रिफिलिंग शॉप में तीन एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। पुलिस और फायर मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू किया। हादसे में ग्राउंड फ्लोर पर किडजी डे केयर प्री स्कूल में भी आग लग गई, जो दुकान से सटा हुआ था, जिसके कारण एक व्यक्ति लक्ष्मण झुलस गया। उसको तुरंत नजदीक के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चाकू की नोक पर लूट का मामला सुलझा, चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना क्षेत्र में ट्यूशन से लौट रहे एक छात्र से चाकू की नोक पर हुई लूटपाट की वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार नाबालिग को हिरासत में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है।

दिल्ली पुलिस की ओर से सोमवार को जारी एक प्रेस नोट के अनुसार, 15-16 दिसंबर की रात वेलकम थाना पुलिस को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि कबीर नगर इलाके के 17 वर्षीय युवक को चाकू लगने की चोट के साथ भर्ती कराया गया है। घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। घायल छात्र ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे वह ट्यूशन से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पांच लोगों ने उसे घेरकर हमला किया और चाकू मारकर 350 रुपए लूट लिए। पीड़ित के इस बयान के आधार पर वेलकम थाने में एफआईआर नंबर 652/2025 दर्ज की गई। शुरुआत में मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया और वेलकम थाने के एसएचओ रूपेश खत्री की अगुवाई में जांच शुरू की गई।

# साथी की ईंट मारकर हत्या, आरोपी पकड़ा

■ **गोदाम में मुकेश नामक मजदूर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में बीते शुक्रवार सुबह गोदाम में मुकेश नामक मजदूर की सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरा.ेपी मुंशी राय नामक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। जबकि वारदात के वक्त मौके पर मौजूद उसका साथी चश्मदीद गवाह बन गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रेम नगर पुलिस को शुक्रवार सुबह एक गोदाम में मुकेश नामक मजदूर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला था। जिसको तुरंत नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गोदाम से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। एसीपी अजय वेदवाल की देखरेख में एसएचओ विक्रम सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने मुकेश के परिवार को वारदात की जानकारी दी। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

रेलवे पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। पता चला कि वारदात के वक्त मुकेश के साथ दो ओर मजदूर मौजूद थे। सीसीटीवी कैमरों में दो युवक कंबल ओढकर भागते हुए दिखाई दिये। जिनकी पहचान मुंशी राय और विशु राय के रूप में हुई। पता चला कि मुंशी राय और विशु राय आनंद विहार रेलवे स्टेशन से ट्रेन से बिहार भाग गए हैं। एक टीम को बिहार के मोतिहारी भेजा गया। जबकि एक अन्य टीम को पंडित दीन दयाल उपाध्याय (मुगलसराय) जंक्शन जाने का निर्देश दिया गया। जंक्शन पर टीम ने आरपीएफ अधिकारियों से संपर्क किया और गरीब रथ एक्सप्रेस और महाबोधि एक्सप्रेस के हर कोच की तलाशी ली। एक पुख्ता जानकारी के बाद पुलिस टीम ने विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन से मुंशी राय को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि वारदात की रात को मुंशी राय और मृतक मुकेश राय एक साथ शराब पी रहे थे और दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जब मृतक मुकेश ने आरोपी को गाली दी और ईंट से हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप आरा.ेपी मुंशी ने पलटवार किया और मृतक के सिर पर ईंट से वार किया, जबकि विशु राय ने मामले को शांत करने के लिए बीच-बचाव किया, लेकिन मृतक बेहोश हो गया और गिर गया। मृतक को बेहोश हालत में देखकर मुंशी और विशु घबरा गए और मौके से भाग गए।

विशु राय के खिलाफ कोई भी आपत्तिजनक सबूत सामने नहीं आया है, इसलिए वह एक चश्मदीद गवाह बन गया। मुंशी राय गांव भोरिया, पुलिस स्टेशन हंसा, जिला दुमका, झारखंड का रहने वाला है। वह बिल्डिंग मटीरियल स्टॉक साइट पर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## एक नजर

### इस साल दिल्ली वालों ने खरीदे सबसे ज्यादा सोने के सिक्के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 2025 में, दिल्ली के लोगों ने अपनाई प्रीमियम सुविधाएँ। भारत के प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपनी हर साल के अंत में आने वाली रिपोर्ट - हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड 2025 - का पाँचवाँ संस्करण जारी किया है। इस रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि राजधानी दिल्ली इस प्लेटफॉर्म पर सोने की खरीदारी करने वाले चोटी के शहरों में से एक बनकर उभरी है। प्लेटफॉर्म पर हर 4 में से लगभग 1 उच्च-मूल्य वाले 24 कैरेट सोने के सिक्के का ऑर्डर दिल्ली एनसीआर से आया है। और यह खरीदारी सिर्फ कीमती धातु तक ही सीमित नहीं रही। शहर में महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री में भी जबरदस्त उछाल आया। स्विगी के चीफ बिजनेस ऑफिसर हरि कुमार गोपीनाथन ने कहा, "भारत में क्विक कॉमर्स अब सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहा है। यह केवल एक सेवा नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

### वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम में पहुंचे एचएम बांगुर

**नई दिल्ली।** "नवाचार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि" विषय पर आधारित दो दिवसीय वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम (डब्लू एच इ एफ) 2025 का औपचारिक उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, डब्लू एच इ एफ के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरि मोहन बांगुर, चेयरमैन, सीमेंट लिमिटेड तथा सज्जन जिंदल, चेयरमैन, जेएसडब्ल्यू ग्रुप सहित देश के प्रमुख उद्योगपति, नीति-निर्माता, स्टार्टअप संस्थापक, बिजनेस लीडर्स और निवेशक उपस्थित रहे। उद्घाटन दिवस का एक प्रमुख आकर्षण हरि मोहन बांगुर का संबोधन रहा। उन्होंने भारत की प्रतिभा, संसाधनों और प्रौद्योगिकी में निहित अंतर्निहित शक्ति पर बल देते हुए कहा कि नेतृत्व या प्रेरणा के लिए देश को बाहर देखने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने महाराष्ट्र में ₹2,000 करोड़ के निवेश के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक आशय पत्र भी सौंपा।

### सृजन' हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**नई दिल्ली।** ज्ञानंदा स्कूल, सैक्टर 109, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम में विद्यालय का वार्षिक उत्सव 'सृजन' का आयोजन 'यशोभूमि कन्वेन्शन सेंटर' में भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर समूह गान से हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने थीम आधारित नृत्य-नाटिका 'मोआना ख़ बी द चेंज' के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया। इसके उपरांत निदेशक-प्रधानाचार्या डॉ. दीपिका राठी ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेल उपलब्धियों की जानक.ारी दी।

### बढ़ती उम्र में वरिष्ठ नागरिकों का सेहतमंद रहना बनाया आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जेन एस लाइफ, जो भारत का पहला 55+ उम्र के लोगों के लिए खास लाइफस्टाइल ऐप है, बुजुर्गों के लिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीना और भी आसान बनाता है। यह ऐप उन्हें भरोसेमंद हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ देने वाले कई पार्टनर तक सीधी पहुँच प्रदान करता है। सीनियर्स की मदद की जिम्मेदारी पर बात करते हुए जेन एस लाइफ की फाउंडर, मीनाक्षी मेनन ने बताया कि, "उम्र बढ़ने का मतलब किसी को अकेले रहना या परेशान होना नहीं है।

हर बुजुर्ग उस देखभाल के हकदार हैं जो समझदारी से दी जाए, भरोसेमंद हो और आसानी से मिल सके। हम अपने सदस्यों को एक ही जगह पर ऐसी हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ देते हैं जिन पर वे भरोसा कर सकें, ताकि वे आत्मविश्वास से और खुद अपने दम पर जीवन जी सकें। जेन एस लाइफ का संदेश बहुत आसान है। आपकी सेहत हमारे लिए मायने रखती है और हम आपकी उम्र बढ़ने के हर पड़ाव पर आपके साथ हैं।

## पार्क मेडी करेगी केपी इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हॉस्पिटल चेन पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (केपीआईएमएस) के अधिग्रहण के लिए एक समझौता किया है। यह पूरा सौदा नकद आधार पर 245 करोड़ रुपये में किया जा रहा है। इस लेनदेन में केपीआईएमएस की पूरी मौजूदा शेयरहोल्डिंग का अधिग्रहण शामिल है।इस अधिग्रहण से 360 बेड की कुल क्षमता वाला एक बड़ा तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थान पार्क मेडि वर्ल्ड से जुड़ जाएगा। अधिग्रहण पर प्रतिक्रिया देते हुए पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अंकित गुप्ता ने कहा,केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का अधिग्रहण उत्तर भारत में हमारी मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। यह हमारे चेयरमैन डॉ. अजीत गुप्ता के 'वेलनेस फॉर ऑल' के विजन के अनुरूप है, जिसके तहत हर किसी तक सुलभ, उच्च गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य है।

## प्रदूषण रोकने को ई-रिक्शा के लिए गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** राजधानी की सड़कों पर अनियंत्रित ई-रिक्शा यातायात जाम का एक बड़ा कारण बनते हैं। जाम के कारण वाहनों का ईंधन अधिक जलता है, जो सीधे तौर पर प्रदूषण बढ़ाने में सहायक होता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार जल्द ही नई 'ई-रिक्शा गाइडलाइन' जारी करेगी। इन नियमों के माध्यम से ई-रिक्शा के संचालन क्षेत्र और उनके रूटों को व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि यातायात बाधित न हो और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे।

# डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एनआईआईटी फाउंडेशन की हुई सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैर-लाभकारी संगठन 'एनआईआईटी फाउंडेशन' ने नई दिल्ली के यूएसआई परिसर में हाल ही में अपनी पहली इंपैक्ट एक्स पेरिमेंटल वर्कशॉप आयोजित की। सिर्फ निमंत्रित प्रतिभागियों वाले इवेंट के तौर पर आयोजित किए गए इस वर्कशॉप का उद्देश्य यह सोचना था कि पूरे भारत में सोशल इम्पैक्ट को कैसे बढ़ाया जा सकता है।

इस इवेंट में कॉर्पोरेट, परोपकारी लोगों, पॉलिसी और डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लीडर्स ने हिस्सा लिया। फ्यूचर-रेडी इम्पैक्ट: ह्यूमैनिटी, टेक्नोलॉजी और इन्क्लूजन की थीम पर आयोजित इस इवेंट में इस बात पर फोकस किया गया कि उपलब्धता और अवसरों में कमियों को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर टेक्नोलॉजी से कैसे समाधान प्रदान किए जाए। इवेंट में हिस्सा लेने वालों को



एनआईआईटी फाउंडेशन के डिजिटल बस पहल और कई एक्सपीरिएंशियल बूथ के जरिए जमीनी स्तर पर हो रहे काम को करीब से देखने का मौका मिला। इसमें दिखाया गया कि समाज के आखिरी छोर तक पहुँचने के लिए डिजिटल टूल्स को किस तरह से अमल में लाया जा रहा है। वर्कशॉप को संसद सदस्य राज्य सभा और संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के सदस्य सुजीत कुमार जी ने वर्चुअल रूप से उपस्थित होकर सुशोभित किया। इस तरह के कार्यक्रमों की महत्ता पर बोलते हुए उन्होंने कहा, चूँकि डाटा इकठ्ठा करने के लिए हमारा सिस्टम बहुत ठोस है, इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि टेक्नोलॉजी उचित प्रभाव के साथ सुदूर गाँव के कोने-कोने तक पहुँचे।एनआईआईटी फाउंडेशन जैसे संगठन इस तरह का प्रभाव डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुखर्जी मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी मेमो.रियल स्कूल शाहदरा सोसाइटी द्वारा संचालित मोतीराम स्मारक कन्या उच्चतम माध्यमिक विद्यालय, मुखर्जी मेमोरियल बाल विद्यालय तथा नूतन शिक्षा सदन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संस्थापक दिवस एवं वार्षिकोत्सव- 2025 का आयोजन 20 दिसंबर 2025 को गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री संजय गोयल जी, विधायक शाहदरा उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सोसाइटी अध्यक्षा श्रीमती जयन्ती गोयला जी ने की तथा प्रेसिडेंट अनिल अग्रवाल व प्रबंधक महोदय श्रीमान अशोक कुमार जी की विशेष उपस्थिति रही। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक "शौर्यवान भारत" (मुखर्जी स्कूल), देशभक्ति प्रस्तुति "हम करें राष्ट्र आराधन" (नूतन प्राइमरी) तथा नृत्य-नाटिका "खो गया बचपन" (मोतीराम स्कूल) ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालयों की पत्रिकाओं का विमोचन किया गया एवं मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गये। कार्यक्रम का समापन सोसाइटी सचिव श्री पवन कुमार अग्रवाल जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# 30 आपराधिक मामलों में संलिप्त झपटमार को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले में लगातार सामने आ रही झपटमारी की घटनाओं पर लगाम कसते हुए एंटी स्नैचिंग सेल ने ऑपरेशन 'स्ट्रीट शील्ड' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 30 से अधिक मामलों में संलिप्त एक कुख्यात झपटमार को गिरफ्तार कर तीन मामलों का खुलासा किया है। आरोपी के कब्जे से दो झपटे हुए मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद की गई है।

डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम के अनुसार हालिया घटनाओं को देखते हुए एंटी स्नैचिंग सेल को इलाके में सक्रिय झपटमार की पहचान कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर संदिग्ध गतिविधियों वाले स्थानों पर टीम को तैनात किया गया। इसी कड़ी में अप्सरा बॉर्डर इलाके में गश्त के दौरान एक संदिग्ध नंबर प्लेट की स्कूटी नजर आई। पुलिस के रुकने के इशारे पर स्कूटी सवार भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान 32 वर्षीय रवि यादव उर्फ विनय, निवासी दिलशाद कॉलोनी के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन मिले। आगे की पूछताछ में उसने कड़कड़डूमा कोर्ट और दिलशाद गार्डन इलाके में झपटमारी की वारदातो की बात स्वीकार की।

# INSD डिजाइन कॉन्क्लेव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ,इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन (INSD) द्वारा 21 दिसंबर को नई दिल्ली में डिजाइन कॉन्क्लेव ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं गाला फैशन शो का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए 75 उभरते डिजाइन छात्रों ने अपने नवाचार, रचनात्मक सोच और आधुनिक डिजाइन दृष्टिकोण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत INSD डिजाइन कॉन्क्लेव 'द थिंक टैंक' से हुई, जिसमें डिजाइन और क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजाइन के भविष्य पर विचार साझा किए। प्रमुख वक्ताओं में श्री चंदर




शेखर (INSD TED, पूर्व UNICEF, Louis Vuitton), प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर श्री गौतम गुप्ता, लक्जरी विशेषज्ञ श्री हर्ष मान तथा प्रख्यात आर्किटेक्ट श्री आशीष शामिल रहे। सत्र का संचालन प्ष्ठैक के ग्रुप ब्ष्ठ श्री प्रणव राज अग्रवाल ने किया। इसके पश्चात आयोजित प्ष्ठैक एनुअल टैलेंट शोकेस 2025 में छात्रों द्वारा प्रस्तुत फैशन एवं डिजाइन कलेक्शन्स ने निर्णायक मंडल और दर्शकों को खासा प्रभावित किया। छात्रों की प्रस्तुतियों में सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी और पारंपरिक भारतीय शिल्प का सुंदर समन्वय देखने को मिला। INSD के संस्थापक श्री संजय अग्रवाल, जो दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और डिजाइन शिक्षा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं, के नेतृत्व में संस्थान देशभर में 75 से अधिक केंद्रों के साथ डिजाइन शिक्षा का सशक्त मंच बन चुका है। संस्थान एशियाई देशों में विस्तार की दिशा में भी अग्रसर है।

# रोहित शर्मा ने मास्टर्स यूनियन के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** बिजनेस और टेक्नोलॉजी स्कूलों में से एक, मास्टर्स यूनियन ने 2025 के लिए अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेटर और वनडे कप्तान रोहित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और स्नातक हो रहे छात्रों को संबोधित किया। संस्थान के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स से 350 से अधिक छात्रों ने स्नातक किया, जो मास्टर्स' यूनियन का पाँचवाँ स्नातक बैच रहा।इस समारोह में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सांसद अशोक मित्तल, लाइटस्पीड के वेंचर पार्टनर और मास्टर्स' यूनियन के बोर्ड सदस्य विवेक गंभीर तथा मॉर्गन स्टेनली के प्रबंध निदेशक और मास्टर्स' यूनियन में एक्जीक्यूटिव एजुकेशन के एडजंक्ट डीन राजत माथुर शामिल थे। दीक्षांत समारोह में छात्र, उनके परिवार, फैकल्टी और उद्योग जगत के नेता एकत्रित हुए।अपने भाषण में रोहित शर्मा ने अपने जीवन और करियर के अनुभव साझा करते हुए दीर्घकालिक सफलता में धैर्य, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्य के महत्व पर बात की। उन्होंने कठिन शुरुआत से सीखने, बदलाव के साथ स्वयं को ढालने और अनिश्चित परिस्थितियों में संयम बनाए रखने पर जोर दिया, साथ ही क्रिकेट और जीवन में नेतृत्व के बीच समानताएँ भी रेखांकित कीं।भारतीय क्रिकेटर और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, "जिंदगी के अगले चरण में कदम रखना एक बड़ा कदम है, लेकिन यह डरने की नहीं, उत्साहित होने की बात है।

## चाकूबाजी की घटना में नाबालिग की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में अज्ञात लोगों द्वारा कथित तौर पर चाकू से किए गए। हमले में 16 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस द्वारा यह जानकारी साझा की गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम 7:49 बजे चाकूबाजी की घटना को लेकर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के वहां पहुं.चने तक दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि घायलों में से एक समीर मोहम्मद (17) का इलाज चल रहा है, जबकि दूसरे घायल निजाम (16) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली जगुआर्स ने जीता डबल्स खिताब

**नई दिल्ली।** गेम एक्स्ट्रीम, हैदराबाद में आयोजित यूनिटी कप टेनपिन बॉलिंग डबल्स टूर्नामेंट में दिल्ली जगुआर्स के शेख अब्दुल हमीद और ध्रुव सारदा चैंपियन बनकर उभरे। इस टूर्नामेंट का आयोजन वन ओल्ड मिशन द्वारा टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन ऑफ तेलंगाना और टेनपिन बॉलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में किया गया था। चैंपियनशिप मैच, जो 2 गेम में कुल पिनफॉल के आधार पर खेला गया, उसमें उन्होंने 434 का प्रभावशाली स्कोर बनाकर तेलंगाना लीजेंड्स टीम-जिसका प्रतिनिधित्व श्रीधर रेड्डी और दिविज अग्रवाल ने किया 331 पिन को 103 पिनों के बड़े अंतर से हराकर शानदार ढंग से खिताब अपने नाम किया। चार दिवसीय चैंपियनशिप में भारत भर की 27 टीमों ने हिस्सा लिया और उच्च-तीव्रता वाली बॉलिंग कार्रवाई देखने को मिली।

# बच्चों के खत्म होते बचपन को लेकर छेड़ी मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बैंक कॉलोनी स्थित, मंडोली एक्स. हर्ष विहार में स्वयं संभव मार्शल आर्ट्स स्कूल ने कल, 20 दिसंबर को एक भव्य और जागरूकता से भरे कार्य्रकम बचपन: द मिसिग एरा का आयोजन किया। यह कार्य्रकम मुख्य रूप से 'आत्मरक्षा' और 'स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' पर केंद्रित था, जिसने स्थानीय लोगों और अभिभावकों के बीच एक नई चर्चा छेड़ दी है।

इस कार्यक्रम का आयोजन पावन सानिध्य गुरु कृपा डॉ.गणि राजेंद्र विजय महाराज (सुखी परिवार फाउंडेशन के संस्थापक) के नेतृत्व से यह कार्यक्रम सफलपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आये विशिष्ट अतिथिगुणों कालू राम कश्यप (अखिल भारतीय कश्यप महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष), कृष्ण गोपाल (स्वयं संभव एकेडमी के संचालक), डॉ. जितेंद्र (स्वसंभव चरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष), और प्रमोद कुमार और उपस्थित मान्यगणों, गुरूओ एवं अभिभावकों के संरक्षण मे बच्चों के उत्थान और विकास को लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

इस कार्यक्रम में हर्ष विहार की 'स्वयं संभव मार्शल आर्ट्स अकादमी, के सह- प्रबंधक नवीन कश्यप और सहयोगी कोच अजय आनंद की टीम के बच्चों द्वारा बच्चों से अलग होते बचपन के सम्मान में एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुंदरदीप में स्पीड चेस चैंपियनशिप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में '7वीं स्पीड चेस चैंपियनशिप 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ब्रेन स्टॉर्म चेस एकेडमी के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्कूलों से आए अंडर- 8 से लेकर अंडर- 19 आयु वर्ग के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चारु श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि महेंद्र अग्रवाल एवं वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शतरंज जैसा खेल मानसिक विकास और एकाग्रता के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्कूल की मैनेजमेंट सदस्य शैली अग्रवाल ने सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल की प्रिंसिपल सपना अहलावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता की सफलता का श्रेय खिलाड़ियों के कड़े परिश्रम और उनके अभिभावकों के सहयोग को जाता है। हम सभी अतिथियों और तकनीकी टीम के आभारी हैं जिन्होंने इस आयोजन को भव्य बनाया। प्रतियोगिता में कुल 5 राउंड्स के कड़े मुकाबले हुए। मुख्य आर्बिटर विवेक त्यागी और उनकी टीम की देखरेख में प्रतियोगिता निष्पक्ष रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक आयु वर्ग के टॉप-10 लड़के और लड़कियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राशिद सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# यशिका प्रजापति ने सिल्वर मेडल जीतकर किया देश का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यशिका प्रजापति ने अंतरराष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग लेकर (वूशु मार्शल आर्ट) गेम में सिल्वर मेडल जीत प्रतिभा हसिल कर समाज ही नहीं देश का नाम भी रोशन किया ऐसी प्रतिभावान बेटी को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकर महासभा के राष्ट्रीय सचिव व सैल्यूट तीरंगा के महानगर अध्यक्ष दक्ष प्रजापति सेवा समिति गोविंदपुरम के उपाध्यक्ष डॉ सुभाष तोमर प्रजा. पति व दक्ष प्रजापति सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार प्रजापति जी (पी.सी.एस), देवी सहाय प्रजापति एडमिनिस्ट्रेटर प्रशासक जिला पंचायत जनपद (हापुड), 



रविश कुमार प्रजापति, रविंद्र कुमार प्रजापति, सतवीर सिंह सुराना,संजय प्रजापति ने उनके निजी आवास लाल कुआं गाजियाबाद पहुंचकर शाल, माला व सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया व भविष्य में सामाजिक एवं संगठनात्मक सहयोग के लिए आश्वासित किया।

# श्रीपाल बने बैनामा लेखक संघ के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद का वार्षिक चुनाव 2025 26 मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज सिंह हरित प्रमोद कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें श्रीपाल सिंह अध्यक्ष पद पर अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल से 8 मतों से विजय प्राप्त की तथा प्रदीप कुमार शर्मा निर्विरोध सचिव पद पर चुने गए अंकुर शर्मा उपाध्यक्ष पद पर अपने प्रतिद्वंदी इमरान खान से 10 मतों से विजय प्राप्त की व कपिल सांगवान कोषा अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कपिल चौधरी की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सभी बैनामा लेखक बृजेश शर्मा, नरेश अमराला, व रणवीर सिंह, सोमवीर सिंह नेहरा, विपिन सिरोही, वीरेंद्र त्यागी, राकेश उपाध्याय, राजेंद्र सिंह अमराला, परमात्मा सिंह वर्मा, मनोज शर्मा, वेद प्रकाश सागर, विकास चौधरी, महेश गौड, मुकेश शर्मा, कांति त्यागी, अर्जुन त्यागी, अशोक त्यागी, वीरेंद, तेजवीर सिंह, गुड्डू आदि बैनामा लेखक उपस्थित रहे।

# यादव वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यादव वैवाहिक परिचय सम्मेलन समिति के द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सैकड़ों के संख्या में वैवाहिक रिश्तों की शुरुआत हुई कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके साथ ही परिचय सम्मेलन की यादव स्वयंवर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बोल करें रहे डी.पी यादव (पूर्व सांसद व मंत्री उ-प्र) इस अवसर पर उन्होंने कहा हमे यह प्रण लेना चाहिए, कि हम दहेज रहित शादी करेंगे हम बेटे कि शादी में न दहेज मांगेंगे न बेटी कि शादी में दहेज देंगे। नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कहा ने जब सबका कल्याण होगा तब समाज आगे बढ़ेगा समाज के विकास के 



लिए सबको मिलकर रचनात्मक कार्ये से जुड़ने चाहिए यादव समाज एक मजबूत संगठन हैं। जसवंत यादव (पूर्व प्रदेश मंत्री, व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अ-भा-य-मा- सभा हरियाणा) ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बड़े हर्ष की बात है ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवक-युवतियों को योग्य वर वधु प्राप्त हो जाते हैं। इस अवसर पर कैप्टन सतीश यादव, धर्मेन्द्र सिंह यादव, अशोक यादव, भूपसिंह यादव, नाहर सिंह यादव, बिजेन्द्र यादव, भारत यादव, सुबोध यादव, करन सिंह यादव, वंदना यादव, जितेन्द्र यादव, के.के यादव, सिकन्दर यादव, देवेन्द्र यादव समेत अनेकों गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार वयक्त किये। सम्मेलन का मंच संचालन रवि यादव (फिल्म अभिनेता/ निर्माता मुम्बई) व सतेन्द्र यादव (सुभाष युवा मोर्चा -संगठन), राजेन्द्र यादव, श्यामवीर सिंह यादव ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामअवतार यादव, देवेन्द्र यादव, रतन सिंह यादव, सिकन्दर यादव, वीरपाल यादव, श्यामवीर यादव, राजेन्द्र यादव, डा हेमंत यादव, नरेश यादव एड़, बल्लू प्रधान, इन्द्र ठेकेदार, सतीश यादव, डा मुकेश यादव, ब्दिनेश यादव, रवि यादव (मथुरा) योगेश यादव एड़, कृष्णानन्द यादव, जयराम यादव, समयपाल यादव, संतराम यादव (पार्षद) महेन्द्र यादव, उदयवीर यादव (इजीनियर) आकाश यादव आदि लोगों ने भाग लिया।

# विवेक त्यागी की माता श्रीमती स्व. लता त्यागी को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी की पूज्य माताजी श्रीमती स्व. लता त्यागी को सामाजिक कार्यकर्ताओं, पुलिस अधिकारियों, व्यापारियों ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा नेता अमरदत्त शर्मा त्रिलोक त्यागी वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, राकेश त्यागी काकड़ा, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक के के शर्मा पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, सागर कश्यप, के के शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष, चिन्मय भारद्वाज पंडित राकेश शर्मा रितेश शर्मा पंडित अशोक भारतीय बालकिशन गुप्ता समीर शर्मा संदीप त्यागी रसम फिल्म कलाकार मनोज शर्मा सागर कश्यप सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव विनय त्यागी डॉक्टर सर्वेश त्यागी प्रीती त्यागी दक्ष त्यागी भाजपा नेता सुधन रावत डा ओपी अग्रवाल संजय त्यागी अजय सिंघल राजीव अग्रवाल आशु पाठक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में हुआ स्नोटोपिया वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमिस कार्निवल का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंगुइन्स स्कूल में 21 दिसंबर को स्नोटोपिया वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमिस कार्निवल का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद वैशाली, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आनंद प्रकाश मिश्रा, एस एच ओ, मोदीनगर भी उपस्थित रहे। डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डी. के. मोदी, व्यवस्थापक मेघराज शर्मा, स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा एवं फाउंडेशन के सभी संस्थाओं के 




प्रिंसिपल एवं निर्देशक की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस वार्षिक उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया गया। इस मौके पर अतिथियों व अभिवावकों के स्वागत के लिए स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने वेलकम सॉन्ग पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात नन्हे मुन्नों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रदर्शन प्रस्तुत किया जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक अभिभावक गणों की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की 20 से 22 दुकानें भी लगाई गई जिसमें बच्चों तथा उनके माता-पिता ने खाने पीने से लेकर अन्य खरीदारी भी की। बच्चों के लिए कैमल राइडिंग तथा कुछ झूले भी लगाए गए जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया।

# जाट समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जाट समाज युवकख्रयुवती परिचय सम्मेलन का भव्य व सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के सैकड़ों गणमान्यजन, परिवार. जन तथा युवकख्रयुवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन में युवकख्रयुवतियों का आपसी परिचय, पारिवारिक संवाद तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में संस्कारित, दहेज-रहित एवं सुदृढ़ वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथियों के विचार मुख्य अतिथि कप्तान सिंह ने कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। पूर्व 



महापौर आशु वर्मा ने कहा कि जाट समाज सदैव एकता, सहयोग और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना गया है। विशिष्ट अतिथि एच.पी. परिहार ने इसे समाज की प्रगति की दिशा में एक सार्थक एवं दूरदर्शी पहल बताया। लोनी चेयरमैन रंजीता धामा ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर सकारात्मक, पारदर्शी और सम्मानजनक रिश्तों की मजबूत नींव रखते हैं। डॉ. सत्यवीर सिंह ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कार को सफलता की कुंजी बताया। विशेष वक्तव्य अमरजीत सिंह बिट्ठी ने कहा कि यह सम्मेलन समाज में पारिवारिक सहभागिता के साथ वैवाहिक परंपराओं को नई, स्वस्थ दिशा दे रहा है। अजय पाल (प्रमुख) ने कहा कि यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और सामाजिक सुधार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। सम्मेलन की सफलता पर पारिवारिक मिलन जाट समाज के अध्यक्ष श्री अरुण चौधरी 'भुल्लन' ने सभी अतिथियों, समाज बंधुओं, सहयोगकर्ताओं एवं आयोजक टीम का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में गाजियाबाद, बुलंदशहर, वंदना चौधरी, सुनील चौधरी, देवराज चौधरी, मोहित चौधरी, संजीव मलिक, राहुल चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, देवेंद्र मलिक, विजयपाल चौधरी, नटे चौधरी, सुभाष चौधरी, सचिन डागर, हिमांशु चौधरी, रविंदर चौधरी, रेखा चौधरी, जगबीर सिंह, प्रदीप चौधरी, हंसवीर सिंह, रॉकी चौधरी, जयप्रकाश, सनी चौधरी, हिमांशु तेवतिया, करुणा चौधरी, मोना चौधरी, रीता अत्री आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यक्ष अरुण चौधरी 'भुल्लन' द्वारा किया गया।

आईटीएस डेंटल कॉलेज में

# व्हाइट कोट एंड एकेडमिक अवार्डस सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट एवं एकेडमिक अवार्डस सेरेमनी का आयोजन किया। इस समारोह मे बीडीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को आधिकारिक तौर पर क्लीनिक की जिम्मेदारी सौपी गयी तथा सभी विद्यार्थियों को क्लीनिक में प्रवेश करने से पहले शपथ द्वारा चिकित्सा नैतिकता का पालन करने तथा रोगियों के लिये लाभकारी होने की प्रतिज्ञा दिलायी गयी।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विशिष्ट अतिथि डॉ आर. सी गुप्ता, प्रधानाचार्य- एल.एल. आर.एम. मेडिकल कॉलेज, डीन मेडिकल फैकल्टी, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी चड्ढा एवं आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक- प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी सहित सभी डीन्स एवं दंत विभागों के एचओडी और दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे। इसके बाद डॉ शिवानी माथुर, डीन- यूजी स्टडीज ने सभा को संबोधित किया एवं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को व्हाइट कोट समारोह के महत्व को समझाया और विद्यार्थियों की एकेडमिक उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इसके पश्चात, डॉ पायल शर्मा, डीन-एलुमनाई ने सभी विद्यार्थियों की साइंटिफिक एवं को-करिकुलर उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आरसी गुप्ता एवं चेयरमैन आईटीएस- द एजुक.शन ग्रुप, डॉ आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीडीएस पाठ्यक्रम के टॉपर्स तथा कॉलेज के बीडीएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को रैंक इम्प्रूवमेन्ट अवार्ड के रूप में प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आरसी गुप्ता ने संस्थान के छात्रों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिये संस्थान की सराहना की।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वाद विवाद कौशल कार्यशाला व प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल के द्वारा वाद विवाद कौशल कार्यशाला व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यकम का प्रारूप विश्वस्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का था। जिसमें विभिन्न टीमों के बीच में तर्क वितर्क के लिए गतिशीलता बनी रहती है। प्रिंसीपल सीनियर स्कूल मंजुला सिंह ने प्रतिभागी स्कूलों व निर्णायक मंडल का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अपने विचारों को स्पष्टता से रखने व असमर्थित विचारों का विरोध करने की योग्यता व अवसर मिल सके। इसके द्वारा छात्र विभिन्न मुद्दों व विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के कौशल का 



विकास कर सकेंगे।

साथ ही उन्होंने श्रोताओं के विषय में कहा कि श्रोतागण की जागरुकता बहुत महत्वपूर्ण है। इस बार कार्यशाला का आयोजन 11. 12.2025 ऑनलाइन किया गया था जिसमें सभी प्रतिभागी स्कूलों व अंग्रेजी अध्यापकों को भाग लेने का अवसर दिया गया था। प्रतियोगिता के आरम्भ में स्मति राजोव शर्मा, ने प्रतियोगिता के नियम बताने के साथ एक अच्छे तर्ककर्ता के गुण भी बताए। इस कार्यशाला के द्वारा गाजियाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली, नोएडा, वाराणसी व प्रयागराज के छात्र अपने तर्क कौशल को विकसित करने के नए तरीके से परिचित हुए। निर्णायक मंडल में स्मति राजोव शर्मा के साथ यजुर डोलवानी व मोहित हुड्डा थे। प्रतियोगिता को 3 श्रेणी में कक्षा 6-7, 8-9 एवं 10 से 12 विभाजित किया गया।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और सजीव मंच सज्जा से जीवंत हो उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मानित विशिष्ट अतिथि कर्नल देवेन्द्र त्यागी पूर्व कमांडिंग ऑफिसर 37 यू पी बटालियन, प्रतिष्ठित अतिथि अर्जुन अवार्ड से सम्मानित कबड्डी खिलाड़ी मनजीत छिल्लर, विशेष अतिथि के रूप में डॉ.धीरज शर्मा एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन 



के सहायक निदेशक, विजय नगर कोतवाली एस.एच.ओ धर्मपाल, विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता तथा प्रधानाचार्या ममता शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का मंगल आरंभ किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यार्थियों ने भावपूर्ण गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके उपरांत छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने अतिथियों का हृदय से अभिनंदन किया। इस वर्ष समारोह की थीम इंद्रधनुष: दुनिया रंग- बिरंगी रखी गई। विद्यालय की निदेशक सविता गुप्ता ने अपने संद.ेश में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों और मूल्यों की प्रयोगशाला होता है।

# डीपीएस स्कूल मोदीनगर ने जीती स्केटिंग में ट्रॉफी, डीपीएस मोदीनगर के स्केटिंग सितारों ने रचा इतिहास

**■ इंटर डिस्ट्रिक्ट स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में विद्यालय ने जीती स्कूल ट्रॉफी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रविवार को मेरठ स्थित द आर्यन्स स्कूल, मेरठ द्वारा रिंक रेस रोलर स्केटिंग अंतर-जनपदीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अंडरख्र14 वर्ग में डीपीएस मोदीनगर की स्केटिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल ट्रॉफी अपने नाम कर इतिहास रच दिया।

इस प्रतियोगिता में 20 से अधिक विद्यालयों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया, 



जिनके बीच डीपीएस मोदीनगर के खिलाड़ियों ने अपने दमदार कौशल, अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। विद्यालय के कुल 24 खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए 19 पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में जिशा, वीर, आर्चित, सीरत एवं विदुषी शामिल रहे, जबकि कृधा एवं युग ने 1 स्वर्ण व 1 रजत पदक प्राप्त किया।

रजत पदक याशिव, क्रियांश एवं विराट ने जीते, वहीं अबराम ने 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किया। कांस्य पदक रिहव, रैनव, नित्या, प्रबुद्ध, रिद्धि, कार्तिक, अनाया एवं साधक ने अर्जित किए। इसके अतिरिक्त शानु, राजविका, रेयांश, कुनिशा एवं दर्श ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं और यह सफलता अनुशासन व निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अपने संदेश में कहा कि डीपीएस मोदीनगर के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि खेल के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हैं।

वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा स्केटिंग कोच श्री संभव के कुशल मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास एवं प्रेरणादायक प्रशिक्षण की विशेष सराहना की, जिनके नेतृत्व में टीम ने यह गौरवशाली मुकाम हासिल किया।

डीपीएस मोदीनगर परिवार को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है और विश्वास है कि ये युवा खिलाड़ी भविष्य में भी खेल जगत में विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# फर्जी दवाओं व कॉस्मेटिक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली दवाओं और फर्जी कॉस्मेटिक उत्पादों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। सेल ने एक ऐसे मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जो स्प्यूरियस दवाओं व नकली ब्यूटी प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग तैयार कर सप्लाई करता था।

दरअसल, यह मामला एफआईआर नंबर 360/25 के तहत दर्ज किया गया है और क्राइम ब्रांच थाना मामले की जांच कर रही है। इस केस में इससे पहले तीन आरोपियों को स्प्यूरियस दवाओं के निर्माण और सप्लाई की साजिश में गिरफ्तार किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस को एक ऐसे प्रिंटिंग मॉड्यूल का सुराग मिला, जो नकली दवाओं और कॉस्मेटिक उत्पादों के लिए रैपर और पैकेजिंग सामग्री सप्लाई करता था।

इसी कड़ी में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो नकली दवा 'क्लॉप-जी' और कॉस्मेटिक क्रीम 'स्कीन साइन' की पैकेजिंग बॉक्स सप्लाई करने में शामिल थे। पुलिस टीम ने राम रोड, दिल्ली स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस पर छापा मारा, जहां से 'स्कीन साइन' के रैपर तैयार करने वाली दो डाई फ्रेम बरामद की गईं। इस कार्रवाई के साथ ही एक सक्रिय प्रिंटिंग यूनिट का भंडाफोड़ हो गया, जो बड़े पैमाने पर स्प्यूरियस दवाओं की पैकेजिंग सप्लाई करता था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल सिंह रावत (46) और राहुल अग्रवाल (31) के रूप में हुई। दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। अनिल सिंह रावत राम रोड स्थित प्रिंटिंग प्रेस का संचालन करता है, जहां से स्प्यूरियस दवाओं के रैपिंग बॉक्स सप्लाई किए जाते थे। मौके से 'स्कीन साइन' रैपर बॉक्स तैयार करने वाली दो डाई फ्रेम्स बरामद किए गए। इस मामले में गिरफ्तार दूसरे आरोपी राहुल अग्रवाल ने खाटू श्याम प्रिंटर्स, राम रोड से नकली दवाओं के रैपिंग बॉक्स की सप्लाई के ऑर्डर बुक किए थे। पुलिस अब इस सिंडिकेट के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की पहचान में जुटी है, जिसमें नकली दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल कच्चे माल के स्रोत, पैकेजिंग आपूर्ति श्रृंखला और वितरण नेटवर्क का खुलासा शामिल है।

## नरेला जूते फैक्टरी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में जूते बनाने की एक फैक्टरी में आग लग गई जिसके बाद दमकल सेवा की 14 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रविवार रात 10 बजकर 58 मिनट पर नरेला औद्योगिक क्षेत्र में हरिश चंदर रोड के पास स्थित एक फैक्टरी से आग लगने की सूचना मिली थी।

उन्होंने बताया कि आग ने फैक्टरी के अंदर रखी मशीनरी, जूतों के डिब्बों और तैयार जूतों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि लगभग 150 वर्ग गज क्षेत्र में फैली इस इमारत में एक भूमिगत तल, भूतल और ऊपर दो मंजिलें थीं। अधिकारी ने कहा, ''मौके पर 14 दमकल गाड़ियां भेजी गईं और आग पर करीब दो बजकर 30 मिनट पर काबू पा लिया गया।'' उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# प्रदूषण के खिलाफ सरकार का व्यापक अभियान: रोमेश चंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नगर निगम शिक्षा समिति के पूर्व चेयरमेन एवं भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री रोमेश चंद गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी में प्रदूषण के खिलाफ एक बड़े और निर्णायक युद्ध में जुटी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कई योजनाएं तैयार कर ली हैं, जिन पर तेजी से काम चल रहा है, जबकि कुछ अन्य योजनाओं पर मंथन जारी है, जिनका क्रियान्वयन आने वाले समय में किया जाएगा।

रोमेश चंद गुप्ता ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रदूषण से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके कारण समस्या साल दर साल विकराल होती चली गई, जबकि रेखा गुप्ता सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में स्पष्ट रूप से सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की 10 हजार कक्षाओं में एयर प्यूरीफायर लगाने का निर्णय एक बड़ा और दूरदर्शी कदम है, जिससे छात्रों को स्मार्ट क्लास के साथ स्वच्छ हवा भी मिलेगी, वहीं चौकीदारों को सर्दी से बचाव के लिए हीटर देना भी सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

रोमेश गुप्ता ने बताया कि वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नगर निगम को 175 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं और धूल नियंत्रण के लिए मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आने वाले दिनों में दिल्ली की हर विधानसभा में यह सुविधा लागू हो सके। इसके साथ ही डेरियों से निकलने वाले गोबर के निस्तारण के लिए नंगली में 200 टन क्षमता का बायोगैस संयंत्र लगाया गया है, जबकि कई स्थानों पर वाटर स्प्रिंकलर और टैंकरों से पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रदूषण संकट पिछली केजरीवाल सरकार की नीतिगत विफलताओं का परिणाम है, जिसने मेट्रो विस्तार में देरी की, ईवी पॉलिसी पर प्रभावी ढंग से काम नहीं किया और वाहन सब्सिडी के लिए तय 45 करोड़ रुपये भी खर्च नहीं किए, जबकि अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ईवी पॉलिसी को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

## करोल बाग में उद्घाटन के बाद भी हेरिटेज पार्क बंद

**नई दिल्ली।** कबाड़ से कमाल की परियोजना के तहत करोल बाग के अजमल खां पार्क में बनाए गए हेरिटेज पार्क का दीदार अब लोग चिल्ड्रन पार्क के निर्माण के बाद ही कर सकेंगे। यहां पर आने वाली भीड़ और आस-पास बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त गतिविधियां न होने की वजह से निगम ने इसमें चिल्ड्रन पार्क न जोड़ने का निर्णय लिया है। निगम के अनुसार इस पार्क के ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के साथ चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें करीब छह से आठ माह का समय लगेगा इसके बाद इसे शुरू कर दिया जाएगा।

दिल्ली नगर निगम ने वेस्ट टू आर्ट थीम के जरिये सबसे पहले वर्ष 2019 में यह पार्क शुरू किया गया था। इसके बाद भारत दर्शन पार्क पंजाबी बाग, आजादी का अमृत महोत्सव पार्क बहादुर शाह जफर मार्ग और हेरिटेज पार्क का निर्माण हुआ था।इसमें तीन पार्क चल रहे हैं जबकि हेरिटेज पार्क अभी तक शुरू नहीं हो पाया है जबकि चार मार्च 2024 इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय राज्यमंत्री और नई दिल्ली से सांसद मीनाक्षी लेखी ने किया था। इस पार्क के निर्माण में चार करोड़ की लागत आई थी।

# दिल्ली में एयर इंडिया विमान की आपातकालीन लैंडिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की एक उड़ान को आज तकनीकी खराबी के कारण अपनी निर्धारित यात्रा बीच में ही रोककर दिल्ली वापस लौटना पड़ा। दिल्ली से मुंबई जा रही फ्लाइट AI887 को टेकऑफ के कुछ देर बाद एक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके चलते विमान को सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया। विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एअर इंडिया ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। जानकारी के मुताबिक, आईजीआई एयरपोर्ट से सोमवार सुबह टेक-ऑफ के बाद दिल्ली से मुंबई जा रहे एअर इंडिया के विमान का एक इंजन बंद हो गया, जिसके बाद उसे वापस दिल्ली में ही लैंड कराना पड़ा। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह 6.10 बजे टेक-ऑफ के तुरंत बाद विमान का एक इंजन बंद हो गया था। उसके बाद उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर 6.52 बजे सुरक्षित उतार लिया गया। सभी यात्री तथा क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। एअर इंडिया ने यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

एअर इंडिया ने यात्रियों और चालक दल के सुरक्षित उतरने की पुष्टि करते हुए इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# अंबेडकर ऑडिटोरियम में स्मारिका का विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** गौतम बुद्ध रूलर डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं अभियान 40 पै के 13वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल ऑडिटोरियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विधिवत विमा. `चन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के राजस्व सचिव गिरिवर दयाल सिंह रहे। उन्होंने अभियान 40 IAS द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था समाज के उस वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन पहुंचाने का कार्य कर रही है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस अरुण कुमार सिंह,




बिहार-झारखंड के एडिशनल कमिश्नर रंजीत कुमार मधुकर, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेंद्र कुमार, भारत सरकार के अवर सचिव संजीव कुमार, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के डायरेक्टर उमेश सिंह, पूर्व बीएससी मेंबर डी.एन. शर्मा तथा आईपीएस पूर्व डीआईजी चंद्रिका प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रोफेसर अरविंद वर्मा, प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार, प्रोफेसर डॉ. चंद्रमणि कुमार सहित अनेक वरिष्ठ शिक्षाविदों ने भी शिरकत की। इनके साथ ही राकेश कुमार, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, हरेंद्र कुमार, प्रभाकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और अभिभावक मौजूद रहे।

विलास कुमार ने कहा कि अभियान 40 IAS का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना भी है।

# गैर-अनुपालन इकाइयों की सीलिंग की चेतावनी दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए बहु-स्तरीय रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। बीते चार दिनों से लागू ग्रेप-4 के सखा्त प्रावधानों के सकारात्मक असर अब जमीन पर दिखने लगे हैं और हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया जा रहा है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि "नो पीयूसी, नो फ्यूल" नियम लागू होने के बाद अब तक दो लाख से ज्यादा वाहनों की पीयूसीजांच हुई है और सर्टिफिकेट्स दिए गए। साथ ही 10,000 वाहन मानकों पर खरे नहीं उतर सके। उन्होंने कहा कि यह इस बात का साफ संकेत है कि सखा्त प्रवर्तन सही दिशा में असर दिखा रहा है।मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सभी पीयूसी केंद्रों को आधुनिक और उन्नत मशीनों से अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि जांच में देरी न हो और नतीजे सही रहें। इसके साथ ही पीयूसी व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाने के लिए थर्ड-पार्टी जांच प्रणाली लागू की जा रही है। परिवहन विभाग की तकनीकी टीमें लगातार मौके पर निगरानी कर रही हैं ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो।दिल्ली भर में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया है। जो भी औद्योगिक इकाई वायु प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसे तुरंत सील किया जाएगा। 31 दिसंबर तक व्ब्ड सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन न करने वाले उद्योगों पर भी सखा्त कार्रवाई होगी।एमसीडी और डीपीसीसी मिलकर शहर में चल रहे अवैध और अनधिकृत औद्योगिक यूनिट्स की पहचान कर रहे हैं।

## दिल्ली सरकार शुरू करने जा रही डिजिटल डैशबोर्ड दर्पण 2.0

**नई दिल्ली।** पारदर्शी और परफॉर्मेंस आधारित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार बहुत जल्द ही डिजिटल डैशबोर्ड दर्पण 2.0 शुरू करने जा रही है। यह एडवांस्ड, यूनिफाइड परफॉर्मेंस-मॉनिटरिंग डैशबोर्ड है जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसे एक रियल-टाइम, एनालिटिक्स-ड्रिवन प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया जा रहा है। दर्पण 2.0 अलग-अलग सरकारी विभागों को मुख्य योजनाओं और सेवाओं के लिए एकीकृत दृष्टिकोण उपलब्ध कराएगा, जिससे तेजी से परफॉर्मेंस के आधार पर फैसले लेने में मदद मिलेगी।

# जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश की स्थिति पर चिंता जताई

**जमात ने बांग्लादेश में एक अल्पसंख्यक नागरिक की हाल ही में हुई लिंचिंग की कड़ी निंदा की और इस घटना को दुखद, निंदनीय और बेहद चिंताजनक बताया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जमातए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने बांग्लादेश में तेजी से बिगड़ती राजनीतिक, सामाजिक और सुरक्षा की स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने मौजूदा सत्ता में बैठे लोगों से जिम्मेदारी, संयम और लो. कतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ काम करने की अपील की ताकि शांति, स्थिरता और जनता का भरोसा बहाल हो सके।



मीडिया को जारी एक बयान में सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम देश को असीमित अस्थिरता और हिंसा की ओर धकेल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के कमजोर होने से असामाजिक तत्वों को स्थिति का लाभ उठाने का मौका मिला है, जिसकी वजह से नागरिकों, संपत्तियों और संस्थानों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने अफवाहें फैलने के बाद बांग्लादेश में एक अल्पसंख्यक नागरिक की हाल ही में हुई लिंचिंग की कड़ी निंदा की और इस घटना को दुखद, निंदनीय और बेहद चिंताजनक बताया।उन्होंने कहा, कि इस तरह की घटनाएं जहाँ कहीं भी हो रही हैं नैतिक रूप से गलत हैं, कानूनी तौर पर अपराध हैं, और समाज के लिए नुकसानदायक हैं। कोई भी आरोप, कोई भी भावना, और कोई भी राजनीतिक स्थिति भीड़ की हिंसा या इंसान की जान लेने को सही नहीं ठहरा सकती।

सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने इस बात पर जोर दिया कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी भी सरकार की नैतिक विश्वसनीयता और संवैधानिक वैधता की एक बुनियादी कसौटी है। उन्होंने बांग्लादेश के अधिकारियों से अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने, इबादतगाहों की रक्षा करने और यह संदेश देने का आग्रह किया कि हिंसा, भेदभाव और भीड़ द्वारा की जाने वाली मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने उन तत्वों के खिलाफ चेतावनी दी जो डर, नफरत और अशांति फैलाने के लिए संवेदनशील धार्मिक मुद्दों का फायदा उठाते हैं। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश सरकार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और नागरिक प्रशासन से हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ यथाशीघ्र और निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया। यह देखते हुए कि न्याय में देरी से हिंसक तत्वों को बढ़ावा मिलता है और लो. कतांत्रिक और कानूनी संस्थानों में जनता का विश्वास कम होता है, उन्होंने समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सत्यापित जानकारी के साथ अफवाहों का मुकाबला करने के महत्व पर बल दिया।

# परिवहन निगम की बसों के रूट होंगे युक्तिसंगत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के लिए दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों के रूटों को युक्तिसंगत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के अनुसार डीटीसी की पहुंच दिल्ली के हर क्षेत्र और हर गली तक होनी चाहिए। रूटों के वैज्ञानिक व युक्तिसंगत करने से आखिरी मंजिल तक कनेक्टिविटी सुधरेगी, जिससे लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक बस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और इन निर्णयों को तत्काल प्रभाव से जमीन पर उतारने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के विरुद्ध एक व्यापक और बहुआयामी युद्ध लड़ रही है।

सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कड़े से कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटा जाएगा। सरकार न केवल सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बना रही है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के प्रति उनकी सरकार पूरी तरह गंभीर और समर्पित है।

## 1984 दंगा: सज्जन कुमार मामले में कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में सोमवार को 1984 सिख विरोधी दंगे से जुड़े एक मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार मुख्य आरोपी हैं। अब कोर्ट इस पर 22 जनवरी को फैसला सुनाएगा। बता दें कि यह मामला इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों के दौरान जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा और हत्याओं से संबंधित है। इसे लेकर दो एफआईआर दर्ज हुई थीं, पहली शिकायत 1 नवंबर, 1984 को दो लोगों, सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या कर दी गई थी और दूसरी एफआईआर गुरचरण सिंह के मामले में दर्ज की गई थी।

# जीएमबीसीए के ट्रायल में 1200 से अधिक युवाओं ने भाग लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रामजस ग्राउंड, वेस्ट पटेल नगर में आयोजित पहली दिल्ली स्टेट ट्रायल में दिल्ली भर से आए 1200 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट को एक नए और पेशेवर करियर विकल्प के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि 1200 से अधिक युवाओं की भागीदारी यह दर्शाती है कि टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट को अब एक गंभीर करियर विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। यह हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है।



जीएमबीसीए द्वारा दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में भी मेगा ट्रायल आयोजित किए जा रहे है। जनवरी 2026 से प्रत्येक राज्य के विभिन्न जिलों में हर महीने ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में दिल्ली जीएम बीसीए के स्टेट को-ऑर्डिनेटर सुखविंदर सिंह सोखी, यूपी स्टेट को-ऑर्डिनेटर राकेश रस्तोगी तथा टीम के सदस्य गुरप्रीत कौर, नेहा, राहुल और अन्य प्रबंधन सदस्य उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को वितरित किए गए गर्म कपड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कड़ाके की ठंड के बीच मानवता की गर्माहट बिखेरते हुए हेरिटेज इंडिया परिवार नामक एनजीओ ने बुराड़ी के मिलन विहार में एक विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के माध्यम से गरीब महिलाओं, अनाथ बच्चों और बेसहारा बुजुर्गों को कंबल, शॉल, स्वेटर तथा बच्चों को स्कूल सामग्री वितरित की गई।इस नेक पहल में बाल कलश एनजीओ का भी सहयोग रहा। सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को राहत सामग्री प्रदान कर न केवल उन्हें ठंड से बचाव मिला, बल्कि समाज में समावेशिता और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। हेरिटेज इंडिया परिवार की यह पहल उसकी सामाजिक सेवा की उस परंपरा का हिस्सा है, जिसके तहत संस्था पहले से ही 108 बेसहारा बुजुर्गों को गोद लेकर उनकी देखभाल कर रही है। कार्यक्रम में हेरिटेज इंडिया परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. एन. दुबे, राष्ट्रीय सलाहक. ार आदेश भारद्वाज और महिला अध्यक्षा डॉ. नैंसी जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं जरूरतमंदों को सामग्री वितरित की। बच्चों को स्कूल बैग, किताबें, कॉपियां, पेंसिल सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे शिक्षा की ओर उनका उत्साह और बढ़ सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. एन. दुबे ने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल सामग्री वितरित करना नहीं है, बल्कि बुजुर्गों को सुरक्षा का एहसास देना और बच्चों के सपनों को नई उड़ान देना है।

# प्रदूषण नियंत्रण में सक्रिय रेखा गुप्ता सरकार: रीना माहेश्वरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अशोक नगर वार्ड की निगम पार्षद रीना माहेश्वरी ने कहा कि सर्दियों में प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन इसके समाधान के लिए जहां पिछली आम आदमी पार्टी सरकार लापरवाह रही, वहीं रेखा गुप्ता सरकार गली-मोहल्लों से लेकर राजधानी की प्रमुख सड़कों, बाजारों, स्कूलों और सरकारी कार्यालयों तक प्रदूषण कम करने के लिए लगातार मेहनत कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार को स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की उतनी ही चिंता है जितनी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों की। रीना माहेश्वरी के अनुसार, दिल्ली की मार्केट्स में सफाई के लिए लिटर पिकर मशीनें और सड़कों की सफाई के लिए आधुनिक मैकेनिकल मशीनें लाई जा रही हैं, जो बारीक से बारीक कचरा भी साफ करेंगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में घोषणा की है कि सरकारी स्कूलों में 10 हजार एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे और अगले चरण में सभी कक्षाओं को इसके दायरे में लाया जाएगा, साथ ही सितंबर 2026 तक भलस्वा लैंडफिल साइट को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। रीना माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने ऑड-ईवन और "गाड़ी ऑफ" जैसे दिखावटी अभियानों तक खुद को सीमित रखा, जबकि मौजूदा सरकार ने केवल दस महीनों में नई ईवी पॉलिसी लागू करने, नगर निगमों को मजबूत करने, सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने और सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा व संसाधनों पर ध्यान देने जैसे ठोस कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर से बिना पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट वाले वाहनों को ईंधन न देने के फैसले के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने पीयूसी बनवाया है और ट्रकों से निर्माण सामग्री लाने व निर्माण कार्यों पर रोक लगाकर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि ट्रिपल इंजन सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए हर स्तर पर गंभीर प्रयास कर रही है।

# कॉफीलो ने लांच किया एनओसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इनोवेशन, क्राफ्ट और सुविधा पर आधारित नई पीढ़ी के भारतीय कॉफी ब्रांड कॉफीलो ने एनओसी लॉन्च किया है। यह भारत का सबसे तेज कोल्ड ब्रू लिक्विड शॉट है, जो सिर्फ 5 सेकंड में कैफे-स्तरीय कोल्ड ब्रु तैयार करता है।

एनओसी (Nitrogen Over Coffee) यह नाम इसकी खास हिस्स, फोम और कैस्केड से प्रेरित है। यह एक कॉम्पैक्ट 20 उस का लिक्विड शॉट है, जो तुरंत स्मूद, कैफे-स्टाइल कोल्ड ब्रू में बदल जाता है। कॉफीलो के संस्थापक, गौरव वर्शनेय कहते हैं भारत में कोल्ड ब्रू मार्केट तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इनोवेशन सीमित रहा है। भारत में कोल्ड ब्रू या तो बहुत धीमा था या फिर आसानी से उपलब्ध नहीं था।

कोल्ड ब्रु भारत की नई कॉफी संस्कृति बन रहा है एनआ. `सी एक मजबूत फर्स्ट-मूवर एडवांटेज के साथ आया है, जो भारत में पहले कभी मौजूद न रहा फॉर्मेट पेश करता है तेज, प्रीमियम, एक्सपीरिएंशियल और आधुनिक। एनओसी के साथ हमारा उद्देश्य प्रीमियम कैफे अनुभव को रोजमर्रा की जिंदगी में लाना था। हम कोल्ड ब्रु को बेहतर नहीं बनाना चाहते थे, हम इसे दोबारा परिभाषित करना चाहते थे।

# सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

## मिट्टी से लदे डंपर में पीछे से टकराई तेज रफ्तार कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**भागूवाला।** नांगल-चंदक मार्ग पर रविवार देर रात कोहरे की वजह से तेज रफ्तार कार मिट्टी से लदे डंपर में पीछे से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कटवाकर शवों को निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रविवार रात करीब 11:15 बजे गांव अभिपुरा के निकट कोहरे के कारण कार मिट्टी से भरे डंपर के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार गांव सराय आलम निवासी कारी इकबाल (65 वर्ष), मंडावली क्षेत्र के गांव राहतपुर निवासी अशफाक (65 वर्ष), एहतेशाम (25 वर्ष) और सलाउद्दीन (26 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी राहतपुर खुर्द गांव में एक दिवसीय जलसे में शामिल होकर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतकों के पास मिले पहच. ानपत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने डंपर में फंसी कार को खींचा और दरवाजे काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुता. बिक, कार के एयरबैग नहीं खुले थे। सिर और चेहरे में चोट लगने की वजह से चारों की जान चली गई। रोते बिलखते परिजन रात में ही पोस्टमार्टमार्टम हाउस पहुंच गए। एसपी अभिषेक झा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी की।

## दिल्ली में जहरीली हवा को लेकर गरमाई राजनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जहरीली हवा को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को घेर रही है। ताजा मामले में आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक व्यंग वीडियो के सहारे सीएम पर तंज कसा है। इन दिनों सौरभ भारद्वाज के एक्स पर उनके अभियन से जुड़े एक वीडियो पर खूब प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसमें वह एक्यूआई मीटर से तापमान नापने को लेकर डॉक्टर से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, बीते दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने एक्यूआई के साथ टेंपरेचर शब्द का जिक्र किया था, जिसे लेकर आप उन पर लगातार तीखे हमले कर रही है।

आप नेता के वीडियो पर एक एक्स यूजर ने लिखा, ष्सर, हमको भी रोल चाहिए, ऑडिशन का फॉर्म कहां मिलेगा?ष इस पर सौरभ भारद्वाज ने मजेदार जवाब दिया। उन्होंने कहा, ष्अगर आप ओवरएक्टिंग कर सकते हैं या एक खराब स्क्रिप्ट लिख सकते हैं या आपके पास कोई आइडिया है तो आपका स्वागत है।ष भारद्वाज का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# नीतीश कुमार के विरोध में सपा का प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार माफी मांगों के नारे लगाते हुए किया पुतला फूंकने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला का बुर्खा खींचे जाने के कथित घटनाक्रम के विरोध में समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नगर कोतवाली क्षेत्र के अतरपुरा चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार माफी मांगो के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच पुतले को लेकर छीना-झपटी भी हुई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए नीतीश कुमार का पुतला कार्यकर्ताओं से छीन लिया।



इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और उन्होंने मुख्यमंत्री का पोस्टर जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। आनन-फानन में पुलिस ने पोस्टर को भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं ने लगातार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री से माफी की मांग की। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाल ही में पटना में नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब अपने हाथ से खींच लिया। कार्यकर्ताओं ने इसे महिला सम्मान, धार्मिक स्वतंत्रता और मुख्यमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ बताया। उनका आरोप है कि इस घटना से न केवल महिला की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि समाज में गलत संदेश गया है और सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सार्वजनिक मंच पर इस तरह का व्यवहार सामने आया हो। ऐसे कृत्य से प्रदेशभर में आक्रोश व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि इस मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए। इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव, व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष गौरव गोयल, छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पियूष वाल्मीकि, हापुड़ के जिला उपाध्यक्ष अमित सिखेड़ा, यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अब्दुल चौधरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस बल की सतर्कता के चलते मौके पर स्थिति नियंत्रण में रही और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव किया गया।

# कोहरे के कारण बस-कैंटर व कारों की टक्कर, तीन घायल

**हापुड़।** सोमवार सुबह जिले में घने कोहरे के चलते दो अलग-अलग सड़क हादसों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कम दृश्यता के कारण हुए इन हादसों में कुल तीन लोग घायल हो गए। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना देहात क्षेत्र के गढ़ रोड पर रविवार देर रात दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर मार्ग पर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। इसी तरह थाना बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नए हाईवे पर उपेड़ा गांव के पास घने कोहरे के चलते बस और कैंटर की टक्कर हो




गई। हादसे में कैंटर चालक राहुल कुमार घायल हो गए। वह दिल्ली से मुरादाबाद के धनोरा जा रहे थे। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने वाहन चालकों को कोहरे में वाहन चलाते समय हेडलाइट और फॉग लाइट का प्रयोग करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और तेज गति से बचने की सलाह दी है।

# ई-रिक्शा चालकों के पक्ष में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस पर उत्पीड़न के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िल में ई-रिक्शा चालकों के साथ कथित पुलिस उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष एवं कोऑर्डिनेटर नरेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सीओ यातायात राहुल यादव को ज्ञापन सौंपा।

नरेश भाटी ने आरोप लगाया कि पुलिस बिना ठोस कारण के ई-रिक्शा चालकों के साथ मारपीट कर रही है, उनके वाहन जब्त किए जा रहे हैं और भारी जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा गरीब और मजदूर वर्ग के परिवारों की आजीविका का एकमात्र साधन है, ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से सैकड़ों परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। पार्टी ने इस कथित उत्पीड़न की निंदा करते हुए मांग की कि ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को तत्काल रोका जाए, जब्त किए गए ई-रिक्शों को बिना किसी शर्त के वापस किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच आयोग का गठन किया जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि सरकार एक ओर गरीबों के कल्याण की बातें करती है, जबकि दूसरी ओर उनकी रोजी-रोटी छीनने का काम किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया



कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित ई-रिक्शा चालकों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है और इस मुद्दे को विधानसभा तक उठाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सेवादल विकास त्यागी, राजकुमार जौहरी, खुशनूद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन पुल बना किसानों के लिए परेशानी का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के अयाद नगर में निर्माणाधीन पुल किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। पुल निर्माण के चलते खेतों तक जाने वाला मुख्य रास्ता बाधित हो गया है, जिससे किसानों को फसलों की देखभाल, सिंचाई और कृषि कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और किसानों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन से शिकायत की थी।

शिकायत मिलते ही एसडीएम सदर इला प्रकाश ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग न होने के कारण उन्हें कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है। इससे समय और



खर्च दोनों बढ़ गए हैं, साथ ही कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। एसडीएम सदर इला प्रकाश ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुल निर्माण के दौरान किसानों की सुविधा के लिए अस्थायी रास्ते की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने पर भी जोर दिया गया। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों ने कुछ राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही उनकी समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ जनहित का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा न उत्पन्न हों।

# ई-रिक्शा बैटरी चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार बैटरियां और दो अवैध चाकू भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस लगातार सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने ठंडी सड़क क्षेत्र से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रितिक पुत्र सुंदर निवासी मोहल्ला अहाताबस्ती राम, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ तथा विशाल पुत्र सुरेश निवासी मोहल्ला अहाताबस्ती राम, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप



में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से ई-रिक्शा से चोरी की गई चार बैटरियां और दो अवैध चाकू बरामद किए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से ही करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से ई-रिक्शा चालकों को राहत मिली है और क्षेत्र में हो रही बैटरी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# एमएस हैरिटेज स्कूल में प्रेस वार्ता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एमएस हैरिटेज स्कूल में आयोजित होने वाले बाईसवें हैरिटेज उत्सव के अवसर पर इन्द्रधनुष कार्यक्रम के तहत बेटियों के सर्वांगीण उत्थान को समर्पित कार्यक्रम उठो द्रौपदी शस्त्र उठा लो को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेसवार्ता में स्कूल के चेयरमैन रामकिशोर त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम महाराज के आशीर्वाद से कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के गन्ना मंत्री श्यामवीर सैनी, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल देव अग्रवाल



तथा उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा खतौली विधायक मदन भैया, मुरादनगर विधायक अजीत पाल सिंह और किठौर के पूर्व विधायक सतबीर त्यागी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने कहा कि यह आयोजन बेटियों में शिक्षा, सुरक्षा, संस्कृति, समानता, स्वतंत्रता, संस्कार और नारी शक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बेटियों के सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। प्रेसवार्ता में विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना वर्मा, वाइस चेयरमैन राजीव लोचन, अशोक मेहता कैली, सुनील कुमार तथा वरिष्ठ पत्रकार विजेंद्र त्यागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रेलवे स्टेशन पर बाल तस्करी के खिलाफ अभियान, यात्रियों को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नाबालिग बच्चों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से हापुड़ रेलवे स्टेशन पर एक विशेष संयुक्त जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया, जिसमें बाल कल्याण समिति, रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीमों ने सहभागिता की।

अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के कोचों में गहन निरीक्षण किया गया। टीमों ने यात्रियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए संदिग्ध हालात की जांच की और अकेले यात्रा कर रहे बच्चों के संबंध में विशेष सतर्कता बरती। अधिकारियों ने यात्रियों से संवाद कर उन्हें बाल तस्करी की गंभीरता के प्रति जागरूक किया। राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की बाल तस्करी या संदिग्ध गतिविधि का मामला सामने नहीं आया। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं कोई बच्चा अकेला, डरा-सहमा या संदिग्ध स्थिति में दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या नजदीकी पुलिस को दें। टीम ने बताया कि समय पर दी गई सूचना किसी बच्चे के सुरक्षित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकती है। इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व बाल कल्याण समिति के मजिस्ट्रेट अभिषेक त्यागी एवं बाबूराम गिरि ने किया। मौके पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी रविंद्र कुमार, सह आंकड़ा विश्लेषक मुकेश कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर अंकित कुमार, जीतू गंगवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### थाने में हुई वाहनों की नीलामी, 4 लाख 25 हज़ार में बिके 23 वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ परिसर मे वाहनों की निलामी की गई। थाने में सड़ रहे लावारिस वाहनों और सालों से कई मुकदमे के तहत खड़े छोटे-बड़े वाहनों को नीलामी प्रक्रिया के तहत नीलाम कर दिया है। यह वाहन कबाड़ में जाएंगे और कबाड़ के अलावा इन वाहनों को और कोई इस्तेमाल नहीं कर सकता।

हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ थाने में वाहनों को खरीदने पहुंचे करीब कबाड़ी व्यापारियों ने एक से बढ़कर एक बोली लगाई। इस नीलामी की सबसे ज्यादा बोली 4 लाख 25 हजार रूपये की लगी। इस के बाद डील फाइनल करके इन सभी वाहनों को 4 लाख 25 हजार रूपये में नीलाम कर दिया गया। एसपी कुँवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में थाना बहादुरगढ़ परिसर में वर्ष 2011 से 2024 तक के मुकदमो से सम्बन्धित लम्बित माल/लावारिस एवं सीजशुदा 23 वाहनों की नीलामी कराकर निस्तारण कराया गया। नीलामी के दौरान कुल 23 वाहनों की नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया सम्पन्न हुई, जिसमें बोली दाताओं द्वारा सर्वाधिक बोली 4 लाख 25 हजार रूपये लगायी गयी। जिनमें 14 दो पहिया वाहन, 6 चार पहिया वाहन व 3 तीन पहिया वाहनों की नीलामी की गई। गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह की मौजूदगी मे थाना बहादुरगढ़ में लावारिस व सीज पड़े वाहनों की नीलामी की गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में घरेलू तनाव से जूझ रहे एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार न्यू आर्य नगर मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय अंकित लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। बताया जा रहा है कि घरेलू कलह के कारण वह परेशान रहता था। शनिवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों को पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। घबराए परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने काफी प्रयास किए, लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका। देर रात उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पिलखुवा कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा महेंद्र टिकैत को भारत रत्न देने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन बाबा ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम शुभम श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में संगठन के संस्थापक एवं किसान नेता स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। संगठन ने इसे किसानों के सम्मान और उनके ऐतिहासिक संघर्षों को मान्यता देने का विषय बताया।

ज्ञापन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित किए जाने की मांग भी शामिल रही। संगठन का कहना है कि पश्चिमी यूपी की बड़ी आबादी को न्याय के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यदि क्षेत्र में हाईकोर्ट बेंच स्थापित होती है तो आमजन को सुलभ और शीघ्र न्याय मिल सकेगा, साथ ही समय और धन की भी बचत होगी। इसके अलावा, संगठन ने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक अहम मुद्दे को भी सरकार के समक्ष रखा। भाकियू बाबा ने मांग की कि कक्षा एक से दस तक के पाठ्यक्रम में हर वर्ष बदलाव किए जाने की परंपरा समाप्त की जाए और पाठ्यक्रम को तीन से पांच वर्षों तक स्थिर रखा जाए, जिससे विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव को कम किया जा सके। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन सैफी ने कहा कि जब तक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया जाता, तब तक भारतीय किसान



यूनियन बाबा का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस मांग की ओर आकर्षित किया जाएगा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को मजबूती देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रजनीश त्यागी, उमेश गौतम, बिट्टू, नंदकिशोर शर्मा, ठाकुर धर्मेंद्र सिसोदिया, अमित चंद्रा, उम्मीद अली, शाहरुख, शौकीन, धर्मेंद्र, संगीता, वाजिद अयूब, विमल, दीपांशु, महेश, इरफान, तरुण गोयल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टोल हटाने व बाईपास-पुल निर्माण की मांग को लेकर तहसील में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील में बृजघाट टोल प्लाजा हटाने व बाईपास को सियाना चौराहे से निकालने तथा तीगरी पर गंगा पुल निर्माण की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और किसान संगठनों का व्यापक समर्थन मिला। धरना स्थल पर पहुंचे संगठनों के पदाधिकारियों ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए आंदोलन को आर-पार की लड़ाई तक ले जाने की घोषणा की।

इस दौरान समाजसेवी पंकज लोधी ने कहा कि यह आंदोलन आम जनता की समस्याओं से जुड़ा है और बृजघाट टोल लंबे समय से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। सनातन धर्म रक्षा वाहिनी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रामदास महाराज ने कहा कि बृजघाट टोल प्लाजा अपनी अवधि पूरी कर चुका है, इसे तुरंत हटाया जाना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके। विश्व हिंदू राष्ट्र सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष मोंटी चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि नया बाईपास बनाकर गंगा पर नया पुल बनाया जाता है और उसके नाम पर टोल वसूली की समय सीमा बढ़ाई गई तो इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया और कहा कि अवैध टोल वसूली को किसान और जनता मिलकर बर्दाश्त नहीं करेंगे। जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश



अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि सियाना चौराहे से बाईपास निकाले जाने पर ही जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। अन्य किसी मार्ग से बाईपास निकालने पर जाम खत्म नहीं होगा। अखिल भारतीय जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष जोगेंद्र चौधरी ने जिलाधिकारी हापुड़ से मांग की कि संबंधित टोल परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को बुलाकर यह स्पष्ट कराया जाए कि अब तक कितना टोल वसूला जा चुका है और आगे किस आधार पर वसूली की जा रही है। आलम आरा सेवा समिति के अध्यक्ष मजीद चौधरी ने कहा कि समस्त क्षेत्र की जनता एकजुट है और टोल के पास से बाईपास निकालने से जाम की समस्या समाप्त नहीं होगी। उन्होंने भी जिलाधिकारी से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाकर जनता को संतुष्ट करने की मांग की। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे के बाद जमुना प्रसाद भूला याददाश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम अस्पताल एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक 45 वर्षीय मरीज के एक हादसे के दौरान सिर और दिमाग में चोट लग गई थी जिसके कारण वह अपनी याददाशत भूल गया था, बोल नहीं पा रहा था और किसी को पहचान नहीं पा रहा था, लेकिन पांच महीने बाद केएम अस्पताल के न्यूरो सर्जरी टीम ने चमत्कार करके दिखाया है, उसका सफल ऑपरेशन कर उसकी याददाश्त वापस लौटा दी है, अब वह स्वस्थ है, आयुष्मान योजना के तहत उसका निःशुल्क इलाज किया गया है। दरअसल, कोसीकलां के गोपालनगर में रहने वाली श्रीमती गुडिया के पति जमुना प्रसाद (45) का पांच महीने पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, वह न तो किसी को पहचान पा रहा था ना ही बोल पा रहा था। वह अपनी याददाश्त खो चुका था। परिजनों ने कई अस्पतालों में दिखाया लेकिन उसका इलाज नहीं हो सका। परिजन मरीज को लेकर केएम अस्पताल आए जहां उन्होंने न्यूरो स्पेशिलिस्ट डा. संदीप चौहान को दिखाया। उन्होंने अस्पताल में मरीज को भर्ती कर उसका सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन की सफलता में डा. दुर्गेश यादव, डा. आशुतोष सिंह, डा. विवेक, डा. चिंतन, डा. निधि, डा. तन्मया, एनेस्थीसिया विभाग के डा. अंचल, पीजी डाक्टर कुलदीप, डा. सुरभि सहित ओटी इंचार्ज राहुल ठाकुर, नर्सिंग इंचार्ज घनश्याम व रंजीत का विशेष सहयोग रहा।

# आठ हजार वर्ग मीटर में विकसित की जारी कॉलोनी पर चला बुल्डोजर

**मथुरा।** यमुनापार लक्ष्मीनगर क्षेत्र में यमुना कोल्डस्टोर की भूमि पर अवैधरूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की ओर से कॉलोनी विकसित कर रहे ऑनर को नोटिस जारी किया गया इसके बाद भी कॉलोनी में निर्माण कार्य जारी रहा। सोमवार को भारी पुलिसबल की मौजूदगी में एमवीडीए ने कॉलोनी निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मनोज उपाध्याय व योगेश चंद्र शर्मा द्वारा यमुना कोल्डस्टोर वाली भूमि श्रीमान पर बल्देव रोड लक्ष्मीनगर स्थित श्रीमान पैलेस के सामने लगभग आठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में सडक व नाली निर्माण कर विद्युत पोल लगाकर अनाधिकृतरूप से भू विभाजन कर कॉलोनी का विकास किये जाने पर प्राधिकरण द्वारा वाद योजित किया गया। योजित वाद में 15 अप्रैल 2025 को ध्वस्तीकरण आदेश परित किये गये।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसों का कहर

## चार की मौत, दो गंभीर घायल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान नहीं हो पाई है। अन्य हादसों में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हादसों के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा जोन में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो की मौत हो गई। पहली घटना जारचा कोतवाली क्षेत्र के बिसहाड़ा रेलवे फाटक के पास स्थित रजवाहे के पास हुई। जहां एक ट्रक पलट गया। घटना में परिचालक छोटू मौत हो गई। दूसरी घटना सेक्टर-147 मेट्रो स्टेशन के पास हुई। चीती गांव निवासी दिपांशु पुत्र स्वर्गीय राज सिंह और उसका दोस्त कपिल पुत्र स्वर्गीय रविंद्र सेक्टर-147 स्थित दफ्तर से घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान मेट्रो स्टेशन के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दिपांशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि कपिल का इलाज जारी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए अज्ञात ट्रक की तलाश कर रही है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी ने बताया कि देव प्रकाश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पोता विशाल पुत्र सुखपाल सिंह अपनी स्विफ्ट कार में सवार होकर जा रहा था, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लाप. रवाही से वाहन चलाते हुए उसकी कार में टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार इस घटना में उनके पोते को गंभीर चोट आई है। उसके दोनों पैरों की हड्डियां, नाक और हाथ की हड्डियां टूट गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मेरठ दिल्ली हाइवे पर एक अज्ञात व्यक्ति (उम्र करीब 40 वर्ष) लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। यह व्यक्ति पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सोशल मीडिया और आसपास के लोगों की सहायता से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अखिलेश यादव पुत्र वीरेंद्र यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देर रात को उसके पिता हल्दीराम की फैक्ट्री से काम करके ई-रिक्शा से खोड़ा कॉलोनी स्थित अपने घर वापस आ रहे थे।

पीड़ित के अनुसार एनआइबी पुलिस चौकी के कट के पास वह ई-रिक्शा से उतरे। इसी बीच एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। पीड़ित के अनुसार उसके पिता इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# शख्स ने अपनी पत्नी व ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ित का लगाया आरोप

## पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कोर्ट के आद. श पर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने पत्नी और सास-ससुर समेत 11 ससुरालीजनों के खिलाफ युवक को प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित युवक ने पत्नी व अन्य ससुरालीजनों से जान माल को खतरे की आशंका जताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

बिसरख कोतवाली क्षेत्र के आस्था ग्रीन्स निवासी अविनाश तोमर ने चार नवंबर 2022 को गाजियाबाद के नेहरूनगर में रहने वाले सतपाल की बेटी कंचन के साथ दहेज रहित शादी की थी। अविनाश का आरोप है कि शादी की रस्मों के समय उसे पता चला कि सतपाल व पत्नी समेत अन्य ससुरालवालों ने उससे आर्थिक लाभ लेने की मंशा से तमाम जानकारियां छिपाकर शादी की है।

विवाह के दौरान कंचन की मां, चाचा व रिश्तेदारों ने उसके साथ गाली गलौज कर अपमान. जनक व्यवहार किया। ससुराल आने के बाद कंचन बिना वजह उसके साथ विवाद करने लगी। नवंबर 2023 में कंचन ने एक ज्योतिषी के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उसके पास सिर्फ आर्थिक लाभ के लिए शादी रचाई है।

विवाद बढ़ने पर मामला कोतवाली तक पहुंच गया। 19 अप्रैल 2025 को आरोपितों ने उस पर जानलेवा हमला किया। पत्नी कंचन ने आत्महत्या कर उसे फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। साजिश में उसके स्वजन भी शामिल हैं।

31 अक्टूबर को आरोपितों ने सिटी पार्क में कुछ अज्ञात के साथ मिलकर रोकर पीटा और जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई। पीड़ित बाल बाल बचा। आसपास के लोगों के आने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने आरोपितों से जानमाल को खतरे की आशंका जताते हुए कोर्ट में गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया आरोपित ससुर सतपाल, सास संगीता, पत्नी कंचन, देवर रोबिन, ननद ऋचा, ऊर्वशी, नरेश, धर्मेंद्र, शारदा, सुनीता और ऋषु समेत 11 आरो. पितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के आरोपी को जमानत नहीं मिली

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने दनकौर थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में आरोपी सन्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने उनके बेटे विशाल की 12 मई 2025 को गोली मारकर हत्या की थी। विशाल मंडी श्याम नगर से फल लेकर लौट रहा था। मधुवन एन्क्लेव गेट के अंदर पहुंचते ही बाइक सवार सन्नी और अन्य ने उस पर गोली चलाई। विशाल को गंभीर हालत में यथार्थ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि सह-आरोपी विपिन और राहुल को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, इसलिए सन्नी भी जमानत का हकदार है। अदालत ने माना कि आरोप की गंभीरता, घटनास्थल का पूरा ब्योरा और एफआईआर में अंकित विवरण आरोपी की प्रथम दृष्टया संलिप्तता दर्शाते हैं।

# छठे दिन श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस हुआ महारास एवं बहुत धूम धाम से मनाया गया रुकमणि विवाह।

भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर 19, शनि मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस की कथा में विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में नंद बाबा को वरुण देवता द्वारा अपने लोक में ले जाने और भगवान के द्वारा उनको वापस लाकर वरुण देवता पर कृपा करने की कथा और भगवान की रास लीला का वर्णन किया। उन्होंने रासलीला का अद्भुत रहस्य बताते हुए कहा कि रासलीला काम-लीला नहीं, बल्कि ये कामदेव पर विजय की लीला है। गोपी या सखी के स्वरूप पर विस्तार से चर्चा करते हुए महाराज श्री ने कहा कि गोपी या सखी एक भाव होता है। जब तक जीव भक्ति के तट पर नहीं जाता है उसे भगवत् की प्राप्ति नहीं होती है।

गोपी गीत के महत्व को बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि गोपी गीत का पाठ करने वाले को भगवान कृपा और दर्शन अवश्य मिलते हैं। भगवान का एहसास ही रास है।

भगवान शंकर भी पवित्र महारास लीला का दर्शन करने के लिए गोपी वेष में कैलाश से आये थे। महारास प्रेम का अद्वैत स्वरूप है, जिसमें भगवत् स्वरूप हो जाने के बाद जीव का अस्तित्व नहीं रहता है।

मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया।

महाराज श्री ने बताया कि ब्रह्मा. जी जी को भी भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात ब्रह्म होने की शंका हो गई थी। परंतु जब भगवान ने लीला द्वारा उनका भ्रम दूर कर दिया तो उन्होंने अपनी गलती के लिए क्षमा मांगते हुए भगवान की स्तुति की।

भगवान श्रीकृष्ण ने सभी सोलह हजार गोपियों को अपना स्वरूप दे दिया और सर्वत्र कृष्ण ही कृष्ण ही दिखाई देने लगे। कंस उद्धार, उद्धव गोपी संवाद, द्वारिका गमन व भगवान के विवाहों की और श्री रुक्मिणी मंगल की भाव विभोर करने वाली कथा में महाराज श्री ने कहा कि रुकिमणी जी साक्षात् लक्ष्मी स्वरूपा हैं। वे भगवान को छोड़कर भला शिशुपाल का वरण कैसे कर सकतीं हैं।

नख पै गिरवर लीन्हों धार कन्हैया मेरो बारो, गोविंद मेरो है गोपाल मेरो, दूर नगरी बड़ी दूर नगरी कैसे मैं आऊं मैं कन्हाई तोरी गोकुल नगरी, ये तो प्रेम की बात है ऊधौ बंदगी तेरे बस की नहीं, वंशी बजाय गयो श्याम मोसे नैना मिलाया के, तेरी वंशी पे जाऊं बलिहार रसिया, आदि सुंदर भजनों पर श्रोतागण भाव विभोर होकर नृत्य कर रहे थे।

## एक नजर

### अखलाक मॉब लिचिंग मामले में आज होगी सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में आज सुनवाई होगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी लगाई गई है। गौतमबुद्धनगर की एक फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अखलाक के मॉब लिंचिंग से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई थी। अखलाक के परिजन की ओर से कहा गया था यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि भीड़तंत्र द्वारा हत्या का ऐसा उदाहरण है। जिसे वापस लेना समाज, न्याय और कानून तीनों के लिए संकट पैदा करेगा। फॉरेंसिक विवाद चाहे जैसा हो इससे हत्या का अपराध खत्म नहीं होता है। वहीं अदालत ने माना कि राज्य सरकार और परिवार दोनों पक्षों को सुना जाना आवश्यक है। अदालत ने पीड़ित परिवार की आपत्ति स्वीकार की थी।

अदालत ने कहा कि समाज और कानून के हित में हत्या, भीड़, अफवाह और सांप्रदायिक हिंसा चारों पहलुओं की अलग-अलग जांच होगी। साथ ही सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तारीख तय की थी। इस कारण आज मामले में सुनवाई होगी। इस साल अक्तूबर में राज्य सरकार के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा।

### नोएडा योजना में एक्सचेंज पर भूमि पाने वालों का भी पास होगा नक्शा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राज्य सरकार ने नोएडा योजना में एक्सचेंज यानी बदले के आधार पर भूमि पाने वालों को राहत देते हुए नक्शा पास कराने की सुविधा दे दी है। अभी तक ऐसे भूखंड स्वामियों को नक्शा पास कराने के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने इसके लिए नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (विनियम के माध्यम से हस्तांतरित भूमि पर भवन निर्माण) नियमावली 2025 को मंजूरी दी। इस नई निमयावली के लागू होने के बाद न्यायालय के माध्यम से नहीं बल्कि नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृति किया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण भवन विनियमावली-2010 के अनुसार लीड डीड (पट्टा प्रलेख) के माध्यम से आवंटित भूमि के अतिरिक्त अधिनियम व नियमावली में विनिमय से प्रदत्त निजी स्वामित्व की भूमि पर मानचित्र स्वीकृत के लिए प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में कठिनाई आ रही थी। इससे नोएडा क्षेत्र के भूस्वामियों को न्यायालय का सहारा लेना पड़ रहा था। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (विनिमय के माध्यम से हस्तांतरित भूमि पर भवन निर्माण) नियमावली 2025 के तहत नीति निर्धारित किए जाने से स्वामित्व की भूमि पर मानचित्र स्वीकृति के लिए प्राप्त आवेदनों का निस्तारण हो जाएगा। जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा बेहद खराब श्रेणी में रही

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा सोमवार को बेहद खराब श्रेणी में रही। नोएडा देश में दूसरा सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 366 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 332 रहा। नोएडा का एक्यूआई एक दिन पहले के मुकाबले 29 अंक अधिक दर्ज किया गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई तीन अंक बढ़ा। सुबह घना कोहरा रहा। दोपहर में कुछ समय के लिए धूप निकली। बावजूद ठंड का असर कम नहीं हुआ। दोपहर में कोहरा थोड़ा कम हुआ। आने वाले दिनों में कोहरा कम होने के साथ ही ठंड बढ़ेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी कम होगा।

दोनों शहरों में प्रदूषण भी 400 के आसपास बना रहेगा। लिहाजा कई दिनों तक प्रदूषण से भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पांच नवंबर के बाद से नोएडा का एक्यूआई 250 से कम नहीं हुआ है। डेढ़ महीने में दस दिसंबर को शहर का सबसे कम एक्यूआई 256 दर्ज किया गया था। वहीं, इन दिनों में ग्रेटर नोएडा का सबसे कम एक्यूआई 227 रहा। अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ा : नोएडा का अधिकतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ा। एक दिन पहले शहर का अधिकतम तापमान 14.7 था, जो सोमवार को बढ़कर 18 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। शहर का न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री रहा। लगातार छह दिनों तक सुबह के समय कोहरा रहने का पूर्वानुमान है। अधिकतम तापमान 16-20 डिग्री के बीच दर्ज किया जा सकता है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का पांच दिनों का एक्यूआई दिसंबर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, 22, 366, 332, 21, 327, 329, 20, 404, 344, 19, 410, 376, 18, 397, 344, सेक्टर-1 : 399, सेक्टर - 62 : 351 सेक्टर-116 : 360 नॉलेज पार्क फाइव : 351, नॉलेज पार्क थ्री : 315।

# साप्ताहिक बाजारों से मोबाइल चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल चुराने वाले दो बदमाशों को कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हमीरपुर निवासी राजा और निठारी निवासी सुजीत के रूप में हुई है। आरोपियों को सोमवार को सेक्टर-31 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क से पकड़ा गया है। इनके पास से चोरी के पांच मोबाइल, तमंचा, चाकू और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह भीड़भाड़ वाले स्थानों से लोगों का मोबाइल चुराते हैं। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा में हमीरपुर के मौदहा थाने में प्राथमिकी दर्ज है। दोनों आरोपी नशे के आदी है। राजा पूर्व में भी जेल जा चुका है।

## जगत फार्म के व्यापारियों के साथ बैठक

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी गौरव बघेल और उनकी टीम ने जगत फार्म मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक की। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने बताया कि मार्केट में पिछले कुछ समय से दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने से कूड़े को उठाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसके चलते दुक. ानदारों और अधिकारियों ने आपस में मिलकर इसका हल निकाला। प्राधिकरण की कूड़े उठाने वाली गाड़ी सुबह और रात बताए गए समय अनुसार आकर मार्केट से कूड़ा उठाया करेगी। इस मौके पर चाचा हिंदुस्तानी, सुकेंद्र यादव, राजीव बैसला, मुकुल गोयल, रोहताश भाटी, गुरचरण सिंह, शुभम गोयल मोहित सिंघल, चेतन शर्मा, हिमांशु भाटी व धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टरों व गांवों में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के सेक्टर और गांवों में सड़क, इंटरलॉकिंग टाइल्स, सड़कों की मरम्मत आदि विकार्स कार्य कराए जाएंगे। इस पर 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर निविदाएं जारी कर दी गई हैं। जिन सेक्टरों में काम पहले हो चुके हैं, उनके रखरखाव का कार्य भी किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुनपुरा गांव में इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने और सीसी सड़क को ऊंचा करने का काम किया जाएगा। मिलक लच्छी, रोजा जलालपुर, रोजा याकूबपुर और अच्छेजा गांव में रखरखाव का काम किया जाएगा।

सलेमपुर गुर्जर गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली का निर्माण किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में ऐस प्लेटिनम से एलजी गोलचक्कर तक 60 मीटर चौड़ी सड़क, 130 मीटर चौड़ी सड़क से जगत फार्म बाजार तक और 130 मीटर सड़क से सूरजपुर-कासना मार्ग टी पाइंट तक नाली के ऊपर प्रीकास्ट ढक्कन लगाए जाएंगे। इसी तरह तुगलपुर हल्दौना गांव में सीसी सड़क, नाले की मरम्मत एवं ऊंचा करने का काम किया जाएगा। सेक्टर-16 में 60 मीटर चौड़ी सड़क के सर्विस मार्ग की मरम्मत और नाली को ढकने का काम किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक किसानों के छह फीसदी आबादी भूखंडों वाले सेक्टर में सड़कों की मरम्मत का काम किया जाएगा। कार्ययोजना के मुताबिक बोड़ाकी एक्सटेंशन, सेक्टर फाई-3, सेक्टर डेल्टा-1, 2, व 3, सेक्टर अल्फा-2, सेक्टर बीटा-1 और सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में मूलभूत सुविधाओं के रखरखाव का काम किया जाएगा। चयनित फर्म को तीन साल तक रखरखाव का काम करना होगा। सूर. जपुर प्रवेश बिंदु से लोहिया नाले तक डीएससी (दादरी सूरजपुर छलेरा) मार्ग का रखरखाव भी कराया जाएगा। इसके अलावा एशियन पेंट कंपनी से कासना घरबरा तक 80 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे पटरी ड्रेसिंग और सेंट्रल वर्ज के रखरखाव का काम कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सिग्मा-2 के डी ब्लॉक पार्क और सेक्टर-36 के बी ब्लॉक पार्क में फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। सेक्टर ओमिक्रान-1 ए के बीएचएस-17 सोसाइटी के पार्क को दुरुस्त किया जाएगा। सेक्टर इकोटेक-8 के खानपुर गांव में छह प्रतिशत आबादी के भूखंड वाले सेक्टर में विकास कार्य व उनका रखरखाव कराया जाएगा। नटो की मड़ैया गोलचक्कर से 80 मीटर चौड़ी सड़क तक लगे पेड़-पौधों के रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जाता है। नोएडा शहर को और भी अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे है। वहीं नियमों का पालन न करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को नोएडा प्राधिकरण ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सेक्टर- 4 और 8 में विभिनन क्लाउड किचन और विभिन्न बाजारों से 345 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जब्त करने के साथ ही 1 लाख रुपए का आर्थिक दण्ड लगाया गया। प्राधिकरण अधिकारियों की इस कार्रवाई से शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले दुक. ानदार व रेस्टोरेन्ट संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

नोएडा शहर को गोल्डन सिटी के अवार्ड से नवाजे जाने के बाद नोएडा प्राधिकरण शहर को और स्वच्छ व सुंदर बनाये जाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत जन स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल जन स्वास्थ्य अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह एवं जन स्वास्थ्य विभाग के परियोजना अभियन्ता-1 गौरव बंसल के नेतृत्व में सोमवार को सेक्टर-8 में क्लाउड किचन केआईसी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लाउड किचन द्वारा पैकिंग इत्यादि कार्य के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था। क्लाउड किचन से तकरीबन 300 किलो प्लास्टिक जब्त की गयी। इसके बाद सेक्टर-4 ए-ब्लॉक स्थित ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकइट) का निरीक्षण प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान यहां पर काफी सारी कमियां मिली। यहां पर कचरा रोड पर फेंका जा रहा है एवं रोड पर कचरे को जलाया जा रहा है। इन कमियों को देखते हुए ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (ब्लिंकइट) पर एक लाख रूपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया। साथ ही सख्त निर्देश दिए गए एसडब्ल्यूएम नियम 2016 के नियमों का पूर्ण तरीके से पालन नहीं किया जाता है तो आगे नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# फर्जी फ्लैट सौदे में 10 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट निवासी व्यक्ति ने फर्जी संपत्ति बेचने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है।

दीपक चौहान के अनुसार उसे निजी उपयोग के लिए एक फ्लैट की जरूरत थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात परिचित के माध्यम से विशन सिंह से पैरामाउंट गोल्फ मार्ट स्थित एक प्रॉपर्टी ऑफिस पर हुई थी। उसके पास एल्डिको मिस्टिक ग्रीन्स ओमीक्रोन-1 स्थित फ्लैट है। 20 जुलाई 2025 को सौदा 13.75 लाख रुपये में तय हुआ और दीपक ने मौके पर 50 हजार रुपये नकद बतौर बयाना देकर एग्रीमेंट टू सेल करा लिया। इसके बाद 23 जुलाई को उसकी पत्नी के बैंक खाते से आरटीजीएस द्वारा पांच लाख रुपये विपक्षी के खाते में भेजे गए। इस बीच विशन सिंह ने बताया कि फ्लैट पर आईसीआईसी बैंक का 5.55 लाख रुपये का लोन बकाया है। जिसे क्लोज किए बिना ट्रांसफर नहीं हो सकता। इस आधार पर दीपक ने उसे 4.50 लाख रुपये अतिरिक्त दे दिये।

28 अक्टूबर 2024 को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैट का टीएम उसके नाम पर कर दिया। इस तरह कुल 10 लाख रुपये विपक्षी को सौंप दिए गए। लेकिन जब उसने ट्रांसफर डीड की मांग की तो आरोपी लगातार टालता रहा। आरोपी ने 2 अगस्त 2025 को पैरामाउंट गोल्फ मार्ट अंडरपास के पास बुलाकर गाली-गलौज की फिर लाठी-डंडों से हमला किया गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डॉग शेल्टर के लिए मंजूरी न मिलने से योजना अटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एफएनजी पर सेक्टर-123 में डॉग शेल्टर बनाने की योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। यहां पर नियोजन विभाग से फाइल मंजूर नहीं हो सकी है। ऐसे में डॉग शेल्टर की शुरुआत होने में अभी समय लगेगा। नोएडा प्राधिकरण के जनस्वाथ्य विभाग की तरफ से करीब डेढ़ महीने पहले सेक्टर-123 में एक-एक एकड़ के दो डॉग शेल्टर के लिए स्थान चिह्नित किया गया। इसके बाद जनस्वास्थ्य विभाग ने फाइल को मंजूरी के लिए प्राधिकरण के ही नियोजन विभाग के पास भेज दिया था। खास बात यह है कि अब तक नियोजन विभाग ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी है।

इस वजह से शेल्टर बनाने का काम शुरू नहीं हो सका है। उच्चतम न्यायालय ने करीब दो महीने पहले आक्रामक कुत्तों को स्थाई रूप से रखने के लिए अलग शेल्टर बनाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि अब आक्रामक कुत्तों को स्थाई रूप से रखने के लिए शेल्टर बनाए जाने हैं। शहर में कई जगह जनस्वास्थ्य विभाग ने जमीन देखी लेकिन अधिकारी सहमत नहीं हो सके। इसके बाद एफएनजी के पास सेक्टर-123 में एक-एक एकड़ की जगह देखी है। मंजूरी मिलते ही प्रकिया को आगे बढ़ेगी।

## मेले में पहाड़ी लोक गीतों पर झूमे लोग

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित स्टेडियम में चले रहे महाकौथिग मेले के चौथे दिन सुबह का सत्र उत्तराखंडी नृत्य नाटिका प्रतियोगिता के नाम रहा। सत्र का शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित करके किया। वहीं, मेला देखने पहुंचे लोग पहाड़ी लोक गीतों पर झूमते दिखे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद हम उतराखंडी छौं, माधो सिंह भंडारी तथा तीलू रौतेली जैसे नृत्य नाटिकाएं पेश की गई, जिसमें पर्वतीय कला संगम दिल्ली की नृत्य नाटिका माधो सिंह भंडारी को प्रथम स्थान हासिल हुआ। शाम के स्त्र में गायक ललित मोहन जोशी, अमित, मेघनाथ चंद्र और सरिता ने लोकगीतों गाए।

# किसान सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को विवश: टिकैत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आबादी और सामान मुआवजा देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन की यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पाइंट के नीचे किसान महाप. ंचायत हुई। महापंचायत में गौतमबुद्धनगर, हाथरस, एटा, आगरा, मथुरा समेत अन्य जिलों के किसान शामिल हुए। महापंचायत को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि विगत कई वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के किसान अपने अधिकारों को लेकर निरंतर संघर्षरत हैं। प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र के विकास का हवाला देकर किसानों की उपजाऊ एवं पुश्तैनी भूमि औने-पौने दामों पर अधिग्रहित की गई, किंतु दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आज वही किसान मूलभूत सुविधाओं के लिए भी दर-दर भटकने को विवश है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ मुआवजे की नहीं, बल्कि उस अस्तित्व की है जिसे विकास की फाइलों में कहीं गुम कर दिया गया है।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि प्रशासन आबादी की परिभाषा को ठीक से समझने को तैयार नहीं है। किसान के लिए उसका घर सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि उसके घेर (बाड़े) भी हैं, जहाँ वह पशुपालन करता है। लेकिन सरकार इन घेर को आबादी में न मानकर किसानों को उनके अधिकार से वंचित कर रही है।

टिकैत ने अरावली की भौगोलिक स्थिति पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अरावली राजस्थान की रेतीली हवाओं को रो. कने वाली प्राकृतिक दीवार है। सरकार द्वारा 100 मीटर की कटिंग के आदेशों ने न केवल पर्यावरण बल्कि किसानों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने इस बात को लेकर भारी रोष जताया कि उनकी जमीनें लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट्स (जैसे जेवर एयरपोर्ट) में स्थानीय युवाओं को पक्की नौकरी नहीं मिल रही। सरकार अग्निवीर की तरह यहाँ भी ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में है।

वहीं महापंचायत में जेवर एयरपोर्ट परियोजना का मुद्दा भी गरमाया। किसानों ने आरोप लगाया कि विस्थापन और पुनर्वास की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ियां हुई हैं। कई परिवार आज भी दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें न मुआवजा मिला और न ही रहने के लिए सही जगह। किसानों का कहना है कि हमने कई बार वार्ता की, लेकिन हर बार सिर्फ तारीखें मिलीं। अब आर-पार की जंग होगी। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो प्रशासन बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे।

महापंचायत में पवन खटाना, रॉबिन नागर, सुनील प्रधान, राजे प्रधान, मटरू नागर, भगत सिंह प्रधान, बेली भाटी, योगेश भाटी, सोनू बैसला, लाला यादव, ललित चौहान, बृजपाल सिंह, ऋषि शर्मा, शमशाद, साजिद खान, मोहम्मद जाकिर, गुलफाम, अमित डेढा, धर्मेंद्र प्रधान, अमित भाटी, सनी तंवर, रणवीर सिंह, पवन नागर, अनिल धामा, अमित, अतुल चौहान, प्रिंस गैराठी सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# घनश्याम दास मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू

## यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने की थी शिकायत, ईओ ने समस्याओं का संज्ञान ले की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर में घनश्याम दास मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। जल निगम द्वारा पाइपों के नवीनीकरण और मरम्मत के कारण यह मार्ग खराब हो गया था, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी हो रही थी। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों और यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन की शिकायत के बाद की गई है।



दरअसल, शहर में जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने और मरम्मत का काम चल रहा है। इस कार्य के चलते कई मार्गों की हालत खराब हो गई थी। मरम्मत न होने के कारण इन मार्गों पर आवागमन मुश्किल हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों को दैनिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को लेकर यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी। इसके बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रियासत अली, स्थानीय निवा. सियों और अपने कार्यकर्ताओं के साथ अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना से मिलने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मार्गों को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की। नगर पालिका ने इन सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए मात्र 10 घंटे के भीतर घनश्याम दास मार्ग पर नवीनीकरण और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। इस त्वरित कार्रवाई से प्रभावित आबादी को तेजी से राहत मिलेगी। कार्य का निरीक्षण करने के लिए स्थानीय लोग और डा.रियासत अली मौके पर पहुंचे। डा.रियासत अली ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तेजी से कार्य कराया जा रहा है, जिससे हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। इस त्वरित कार्रवाई को लेकर यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बागपत ईओ केके भड़ाना का आभार/धन्यवाद व्यक्त किया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने बताया कि संगठन और स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद मार्ग की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि नगर पालिका क्षेत्र में जहां भी कोई समस्या है, उसका संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर डॉ.इमरान , आमीर, आदिल, अनस, मुस्तकिम, सुहैल आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।





# सड़क हादसे में स्कूटी सवार तीन युवक घायल, अज्ञात वाहन की तलाश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टटीरी कस्बे में एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना टटीरी स्थित सीएनजी पंप के सामने हाइवे पर हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

टटीरी निवासी अरुण ने बताया कि तीनों युवक एक ही स्कूटी पर सवार होकर टटीरी से बागपत की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे सीएनजी पंप के सामने हाइवे पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में निशांत, प्रिंस सहित तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, घायलों की स्थिति फिलहाल गंभीर बनी हुई है, हालांकि उन्हें खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर टटीरी पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कूटी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में टटीरी पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने किया भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुचकर महात्मा गाँधीजी की तस्वीरों के साथ भाजपा सरकार की निरंतर गलत नीतियों के विरोध में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा केंद्र सरकार ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनायेगा) को निरस्त कर जो विधेयक पेश किया गया अत्यन्त चिंताजनक सुनियोजित कदम है जो देश के करोड़ों लोगों के साथ विश्वासघात है। भाजपा सरकार कांग्रेस की जनहित मे सुलभ लाभकारी लागू योजनाऔ को पचा नहीं पा रही है। भाजपा बिना सोचे समझे जनता का शोषण उत्पीड़न करने मे लगी है। यह घोर निन्दनीय कदम है। कांग्रेस अन्यायपूर्ण फैसलो का विरोध करती है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नही करेगी न ही जनहित मे चौन से बैठेगी। इस मोके पर बिजेन्द्र शर्मा औमबीर दुहण शोकेन्द्र तोमर डा सुभाष शर्मा रविन्द्र तोमर प्रवेज प्रदीप शर्मा पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# आरटीओ व टीआई ने की स्कूली वाहनों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आज पुनः परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निजी वाहनों द्वारा स्कूली बच्चों के परिवहन की जांच की गई।

इस दौरान 5 निजी इको वैन एवं 2 मैजिक वाहन, जिनके वैध प्रपत्र समाप्त पाए गए, को निरुद्ध किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया इन वाहनों के माध्यम से क्रिस्टू ज्योति, वनस्थली, रेड रोज एवं ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। 5 निजी वाहनों को क्रिस्टू ज्योति स्कूल परिसर में ही निरुद्ध किया गया तथा विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्कूल के बच्चों के परिवहन में लगे सभी निजी वाहनों की सूची 3 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि वाहनों को वैध रूप से संचालित कराया जा सके। साथ ही पुनः सभी विद्यालय प्रबंधन से अपील की जाती है कि बिना वैध प्रपत्रों के संचालित किसी भी निजी वाहन को स्कूली बच्चों के परिवहन में न लगाया जाए।



## एक नजर

# पर्यावरणविद संजय राणा जेपी इंटरनेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में युवाओं के बीच व्यवहार परिवर्तन हेतु सतत एवं प्रभावशाली कार्य करने वाले पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय राणा को जेपी इंटरनेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान लोकनायक जयप्रकाश इंटरनेशनल स्टडीज़ एंड डेवलपमेंट सेंटर द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह आयोजन 21 दिसंबर 2025 को ऐतिहासिक सत्याग्रह मंडप, गांधी स्मृति, राजघाट, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी रहे। विशिष्ट अतिथियों में विजय गोयल, चक्रपाणि महाराज, लोकेश मुनि, पद्मश्री उमा शंकर पांडे सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। जेपी इंटरनेशनल अवॉर्ड देशभर से चयनित 23 विशिष्ट व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय, नवाचारी और समाजोपयोगी कार्य किए हैं। यह सम्मान 12 विभिन्न श्रेणियों-पर्यावरण, कला, नृत्य, साहित्य, पत्रकारिता, चिकित्सा, महिला उत्थान एवं सामाजिक सेवा आदि-में प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025 में पर्यावरण श्रेणी के अंतर्गत संजय राणा का चयन किया जाना उनके दीर्घकालिक जन-जागरूकता कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। उल्लेखनीय है कि संजय राणा एक पूर्व दिल्ली पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर अपना जीवन पूर्णतः सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों को समर्पित कर दिया। वे 'व्यवहार परिवर्तन यात्रा' जैसे अभियानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, नदियों की रक्षा, नैतिक शिक्षा और युवाओं में जिम्मेदार नागरिकता के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद से जुड़े संजय राणा के प्रयासों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी सराहना मिल चुकी है। सम्मान ग्रहण करते हुए संजय राणा ने कहा कि यह पुरस्कार किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का है, जिन्होंने वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने युवाओं से प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने का आहवान किया। यह सम्मान न केवल संजय राणा के कार्यों को नई पहचान देता है, बल्कि देशभर में पर्यावरण संरक्षण और सामा. जिक चेतना के लिए कार्यरत युवाओं एवं संगठनों को भी प्रेरित करेगा।

# पुलिस स्टेशन पर सुनी जाए महिलाओं की समस्याएंः बबीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने सोमवार को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपचाररत महिलाओं से स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार व्यवस्था एवं सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त होने की स्थिति के संबंध में जानकारी ली।

इसके पश्चात पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला कल्याण से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा संचा. लित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में अधिशासी अधिकारियों, ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से बाल पेंटिंग, कैंप एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी हेल्पलाइन सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लें, जिनमें प्रमुख रूप से 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) शामिल हैं। समीक्षा बैठक में कुछ विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी संतोषजनक रूप से प्रस्तुत न किए जाने पर महिला आयोग की अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि अगली बैठक में सभी विभाग पूर्ण तैयारी एवं अद्यतन डाटा के साथ उपस्थित हों। इसी क्रम में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष ने पीड़ित महिलाओं की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन पर कोई महिला अपनी समस्या लेकर आती है तो उसकी समस्या को सुना जाए और अधिक से अधिक काउंसलिंग पर फोकस किया जाए। आपस में विवाद ना बड़े परिवार टूटने नहीं चाहिए। परिवार को बनाए जाने की पहल रखी जाए। पुलिस का व्यवहार अच्छा रहना चाहिए, उन्होंने कहा कि जनपद की कोई भी महिला परेशान न रहे-अपने अधिकारों के लिए आगे आए, क्योंकि सरकार महिलाओं की आवाज़ के साथ खड़ी है। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन, डिप्टी सीएमओ डा.रॉबिन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर राज्यपाल के नाम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए मांग पूरी किए जाने की मांग की है। ब्राह्मण सभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने बताया के पूर्व में भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश होता था लेकिन अब नहीं होता है यह अवकाश तुरंत दोबारा से शुरू किया जाए और भगवान परशुराम का सम्मान किसी भी प्रकार से कम ना हो सके। राकेश शर्मा ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक रूप से अवकाश घोषित होना चाहिए। पहले भगवान की जयंती पर अवकाश होता था लेकिन फिलहाल अवक. ाश नहीं हो रहा है। भगवान परशुराम के प्रति ब्राह्मणों की और प्रत्येक समाज की विशेष आस्था जुडी हुई है भगवान की जयंती पर अवकाश होना चाहिए और सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करनी चाहिए राज्यपाल के नाम उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है। उमेश शर्मा ने बताया कि पिछली सरकारी भगवान की जयंती पर अवकाश करती थी लेकिन इस सरकार ने अवकाश घोषित नहीं किया है। सरकार को तत्काल सभी लोगों की आस्था का पूर्ण ख्याल रखते हुए संपूर्ण अवकाश की घोषणा करनी चाहिए।

# गरीबों की सेवा करना हम सभी लोगों का कर्तव्यःशौकेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा छपरौली में खोखर महासभा भारत के तत्वाधान में कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें गरीबों मजदूरों बेसहारा लोगों को सर्दी के मौसम को देखते हुए कंबल वितरण किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खोखर महासभा भारत के राष्ट्रीय संयोजक शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि गरीबों की सेवा करना हम सभी लोगों का कर्तव्य बनता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छपरौली विधायक अजय कुमार ने विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं खोखर महासभा के राष्ट्रीय संयोजक शौकेंद्र खोखर बदरखा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमैन छपरौली



खोखर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर राष्ट्रीय संरक्षक तेजव. ीर सिंह खोखर संस्थापक सुधीर खोखर रॉबिन खोखर त्रिवेंद्र खोखर आदि लोगों को सम्मानित किया गया।

# महिलाओं को हिजाब में पहचानना होता है मुश्किलःचौहान

**बागपत।** महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान आज बागपत में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हिजाब हटाने संबंधी बयान का समर्थन किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता भी की।

चौहान ने कहा कि जब महिलाएं हिजाब पहने होती हैं, तो उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि जब हम किसी कार्यालय या सार्वजनिक स्थान पर जाते हैं, तो वहां चेहरा छिपाना उचित नहीं होता, क्योंकि यह पहचान बताने की जगह होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या मतदाता पहचान पत्र बनवाते समय भी चेहरा दिखाना पड़ता है, इसलिए



इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि कुछ महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही थीं, लेकिन अपनी पहचान बताने को तैयार नहीं थीं। बबीता चौहान ने इसे गलत बताया और कहा कि सरकार महिलाओं के लिए इतना कुछ कर रही है, तो उनसे कैसा पर्दा या नकाब उन्होंने जोर देकर कहा कि जहां सामाजिक पहचान देना आवश्यक हो, वहां नकाब की जरूरत नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला और कहा कि विपक्ष बेवजह इस मामले को बढ़ावा दे रहा है, क्योंकि उनके पास कोई और मुद्दा नहीं है। उन्होंने दोहराया कि जहां पहचान की आवश्यकता हो, वहां नकाब की कोई जरूरत नहीं है।

# किन्नरों ने दिया फर्जी किन्नरों के खिलाफ डीएम को ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को मीना गुरु के नेतृत्व में किन्नर समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिकतत्व फर्जी किन्नर बनकर बधाई के नाम पर लोगों से अवैध वसूली कर रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे समाज की छवि धूमिल हो रही है। आक्रोशित किन्नरों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर फर्जी किन्नरों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# ऋषिपाल के हत्यारों का दस दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग, पुलिस रही खाली हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल की हत्या के 10 दिन बाद भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है। मृतक के परिजन इस मामले में अब तक खुलासा न होने से नाराज हैं।

60 वर्षीय ऋषिपाल की गांव में उनकी दुकान पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे शुभम की तहरीर पर छह नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें प्रधान का नाम भी शामिल है। यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस की चार टीमें इस मामले की जांच कर रही हैं और लगातार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस ने अब तक 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की है। इसके बावजूद, पुलिस अभी तक हत्या का खुलासा करने या किसी को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। पीड़ित परिवार जल्द से जल्द मामले का खुलासा किए जाने की मांग कर रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में कुछ अहम सबूत हाथ लगे हैं और जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।



# भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन, बिजली विभाग मुर्दाबाद के लगाए नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने बिजली विभाग के खिलाफ अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह प्रदर्शन जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, पदा. धिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने के दौरान किसानों ने बिजली विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए। किसानों का कहना था कि उनके नाम पर लगातार फर्जी बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी हो रही है। कई किसानों को बिना किसी स्पष्ट कारण के अत्यधिक बिल थमा दिए गए हैं, जिनका विभाग द्वारा कोई समाधान नहीं किया जा रहा। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि गांवों में घरों के ऊपर से जर्जर विद्युत लाइनें गुजर रही हैं, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। विभाग द्वारा इन लाइनों को न तो बदला जा रहा है और न ही सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, पुराने और खराब ट्रांस्फार्मरों को लंबे समय से नहीं बदलने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने स्मार्ट मीटर को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करते हुए कहा कि इन मीटरों से गलत रीडिंग आ रही है और बिल अधिक आ रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं। जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन विभाग की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी। धरने के बाद किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा। विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वा. सन दिया है। हालांकि, किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे दोबारा बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।




**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र नीटू व उसकी पत्नि से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

लीले पुत्र स्व.फुन्दन व फूलवती पत्नि लीले निवासीगण ग्राम बली थाना तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्रवधू का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्रवधू सुशीला से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

सावित्रि पत्नि सेठू निवासी ग्राम रसूलपुर थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

# नाबालिग के लापता होने से मचा हड़कंप, तीन पर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के अचानक लापता होने का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों ने कुछ युवकों पर लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झिंझाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने चौकी पर दी तहरीर में बताया कि चार दिसंबर की सुबह करीब नौ बजे उनकी पुत्री घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

काफी देर इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और रिश्तेदारों व आसपास के गांवों में भी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़ित पिता का आरोप है कि गांव के ही अमन, सोनी कुमार, और अमित, उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं।

परिजनों का कहना है कि आरो. पित युवकों के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बेटी के लापता होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और युवकों की तलाश की जा रही है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की की सकुशल बरामदगी के लिए टीम लगाई गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कोहरे के बीच नौनिहाल जा रहे स्कूल, छुट्टी की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शीत लहर और घने कोहरे के चलते सबसे अधिक परेशानियां स्कूली बच्चों को हो रही है। ऐसे कडाके ही ठंड में सरकारी स्कूलों में बच्चें फर्श पर बैठकर शिक्षण कार्य करने को मजबूर है। जिसका असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड सकता है।

सोमवार सवेरे से ही घने कोहरे और शीत लहर का प्रकोप देखने को मिला।

तडके घने कोहरे के बीच बच्चे स्कूल पहुंचे। यहां ठंड में कांपते हुए स्कूल पहुंचे बच्चों व उनके अभिभावकों को काफी परेशानियां हुई। सबसे अधिक परेशानी सरकारी स्कूलों के बच्चों को हुई है। यहां बच्चों कें लिए बैठने के लिए फर्नीचर की व्यावस्था न होने से बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षण कार्य करते नजर आए। शिक्षकों का कहना था कि फर्नीचर की व्यावस्था न होने के कारण बच्चे टाट पर बैठते है। वही प्राईवेट स्कूलों के वाहनों में जाने वाले बच्चों को भी कोहरे से होकर गुजरना पडा।

कोहरे में बच्चों को स्कूल भेजते समय अभिभावक भी काफी परेशान नजर आए। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से ठंड के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों का अवकाश घोषित करने की मांग की है।

## ठंड व कोहरे के चलते घरों में दुबके लोग, कारोबार ठंडा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। ठंड बढ़ने के कारण बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया, जिससे रोजमर्रा का कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

सोमवार को मौसम का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे से ही आसमान में कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सड़कों और हाईवों पर .श्यता काफी कम रही। जिससे वाहन चालकों को अपने गणत्वय की ओर जाने में काफी दिक्कते हो रही थी। शामली के मेरठ-करनाल मार्ग, दिल्ली यमनोत्री मार्ग, पानीपत खटीमा मार्ग पर कोहरा से दृश्यता कम रही है। जिससे वाहल चालक दुर्घटनाओं की आशंका के चलते रेंगते हुए गुजरे। कई वाहन चालक को हादसों की आशंका के चलते सड़क किनारे खड़े रहे। बढ़ती ठंड के कारण लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त दिखाई दिया। शाम होने पर ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ गया था। रात में तापमान गिरने से लोग घरों में दुबके रहे हैं।

## एसआईआर का प्रकाशन 23 को

**शामली।** अरविन्द कुमार चौहान, जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत शामली द्वारा अवगत कराया कि पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण 2025 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग उप्र की संशोधित अधिसूचना 18.11.2025 के क्रम में 23.12.2025 को पंचायत निर्वाचक नामावली का अनन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण 2025 की निर्गत निर्देश पुस्तिका के अध्याय 7 (अनन्तिम निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन) के अनुसार निर्धारित अवधि में निर्वाचक नामावलियों की प्रतियां उप्र पंचायत राज अधिनियम (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 में निर्धारित प्रपत्र 1 पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से नोटिस प्रदर्शित करके निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा और नामावली की एक-एक प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विकास खण्ड कार्यालय, तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 24.12.2025 से 30.12.2025 तक नियुक्त बी.एल.ओ. द्वारा निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराई जाएगी। तत्कम में मतदान केन्द्र को ग्राम पंचायत का कार्यालय घोषित किया जाता है। नियुक्त बीएलओ द्वारा निर्धारित अवधि के अन्तर्गत संलग्न सूची के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त किया जाएगा तथा नियुक्त पर्यवेक्षक भी उक्त कार्य के पर्यवेक्षण कार्य करने हेतु उत्तरदाई होंगे। निर्वाचक नामावली के निरीक्षण हेतु निर्धारित अवधि के मध्य सुविधानुसार यथासम्भव प्रत्येक ग्राम सभा की खुली बैठक भी बुलाई जाए।

# अबेकस में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नेशनल मैथ्स डे के अवसर पर सीआईपी अबेकस में आयोजित विशेष गणितीय कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता में बच्चों ने तेज और सटीक गणना का शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को चौंपियन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान की डायरेक्टर डॉ। मृदुला जैन ने कहा कि आज के समय में कई बच्चे गणित को कठिन समझकर उससे डरने लगते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता है। अबेकस शिक्षा गणित को रोचक और सरल बनाती है, जिससे बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और तार्किक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि अबेकस के नियमित अभ्यास से बच्चे कम समय में सही उत्तर निकालना सीखते हैं। चौंपियन ट्रॉफी विजेता बच्चों में अर्णव गोयल, शिवांश शर्मा, आगम जैन, आरोही चौधरी, निष्का जैन, उम्मेहनी, माधव कुछ्छल, अविका, आरव शर्मा, हर्षिता सिंह और कृष्ण गुप्ता शामिल रहे। रूबी मित्तल, रुचि अरोड़ा, इशिका, एंजेल सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।



## पुलिस मुठभेड़ की जांच शुरू

**शामली।** गत एक दिसंबर 2025 की रात थाना झिंझाना क्षेत्र के ग्राम पांवटी खुर्द के जंगल में वेदखेड़ी-मंसूरा मार्ग पर सतीश कश्यप के खेत में स्थित एक झोपड़ी में बदमाशों के होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जहां पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस एवं स्वाट टीम ने बदमाशों की घेराबंदी करते हुए आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों ने फायरिंग की। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में जनपद शामली से एक लाख रूपए तथा जनपद बागपत से वांछित अंतर्राज्र्इय हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त मिथुन पुत्र बिल्लू उर्फ पीलू निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर, थाना झिंझाना घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त मिथुन को उपचार के लिए जिला अस्पताल शामली भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मामले की मजिस्ट्रियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट कैराना द्वारा की जा रही है। उप जिला मजिस्ट्रेट कैराना निधि भारद्वाज ने बताया कि किसी व्यक्ति के पास सूचना या साक्ष्य हों, तो 10 जनवरी तक प्रस्तुत करें।

## एक नजर

### सफाई कर्मियों की नियुक्ति को लेकर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक नगर पालिका स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संघ पदाधिकारियों ने नगर पालिका में सफाई कर्मियों की नियुक्तियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए और रोष व्यक्त किया। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्व में यूनियन, नगर पालिका शासन व प्रशासन के बीच आपसी सहमति से यह तय हुआ था कि शहर के गरीब, योग्य और मेहनती व्यक्तियों को ही सफाई कार्य पर रखा जाएगा। इसके बावजूद नगर पालिका अध्यक्ष व कुछ सभासदों द्वारा मनमर्जी करते हुए एक से दो लाख रूपए तक की कथित रिश्वत लेकर नगर क्षेत्र शामली से बाहर के लोगों को सफाई कार्य पर रखा जा रहा है, जिसका यूनियन लगातार विरोध कर रही है। संघ ने आरोप लगाया कि इस संबंध में ईओ को कई बार पत्र लिखकर अवैध नियुक्तियों पर सवाल उठाए गए, लेकिन हर बार ईओ द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया और बात को टाल दिया गया। बताया कि इस प्रकरण में एडीएम द्वारा अधिशासी अधिकारी को लिखित आदेश दिए गए थे कि सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पारदर्शिता एवं नियमों के अनुसार की जाए, लेकिन आरोप है कि इन आदेशों की अवहेलना करते हुए पैसे लेकर नियुक्तियां की गई हैं। इतना ही नहीं, जिन लोगों को रखा गया है, उनमें से कई स्वयं कार्य नहीं करते और अपने स्थान पर अन्य व्यक्तियों से काम कराते हैं, जबकि कुछ तो डड्ूटी पर आते ही नहीं हैं। प्रशासन से मांग की है कि नियमों के तहत निष्पक्ष रूप से, बिना किसी लेन-देन के, ऐसे गरीब और मेहनती व्यक्तियों को कार्य पर रखा जाए जो स्वयं काम करें। चेतावनी दी है कि यदि अवैध नियुक्तियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यूनियन कठोर कदम उठाने को मजबूर होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीन कुमार, जिला महासचिव अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

### ऑपरेशन सवेरा के तहत विद्यालय में नशा-मुक्ति का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर के तहत थाना कैराना पुलिस ने सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊंचा गांव में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर उन्हें नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इससे व्यक्ति की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और निर्णय क्षमता कमजोर हो जाती है, जिसका सीधा असर पढ़ाई, करियर और सामाजिक जीवन पर पड़ता है। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में धकेल देती है और यह अपराध, हिंसा व सड़क दुर्घटनाओं का भी प्रमुख कारण बनती है। नशे के चलते पारिवारिक विघटन, आर्थिक संकट और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पुलिस ने छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने, गलत संगत से बचने, शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेने तथा सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कैराना पुलिस ने विद्यार्थियों को नशा संबंधी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नशा-मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हऑपरेशन सवेराह अभियान के तहत आगे भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

### व्यापारी हितों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिका. रियों ने सोमवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मुलाकात कर व्यापारी हितों से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को जिला व्यापार बंधु की बैठक के एजेंडा में शामिल कराने की मांग की।

उन्होने ज्ञापन देकर बताया कि शामली शुगर मिल से निकलने वाली छाई बड़ी मात्रा में वातावरण में फैल रही है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जिसका सीधा प्रभाव व्यापारी वर्ग पर भी पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने शहर में ई-रिक्शाओं की अत्यधिक संख्या, गन्ने की बुग्गियों व ट्रॉलियों के अनियंत्रित आवागमन को भी प्रमुख समस्या बताया। इसके कारण शहर में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा सड़कों के दोनों ओर फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण से सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है।

मंगलवार व शनिवार को हनुमान टीला हनुमान धाम मंदिर के बाहर लगने वाली भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग का मुद्दा भी उठाया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि इस कारण घंटों तक जाम लगा रहता है, लेकिन इसके बावजूद वहां स्थाई ट्रैफिक पुलिस व यातायात नियंत्रण की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके साथ ही पूर्वी यमुना नहर, झिंझाना रोड और कैराना रोड पर समुचित घाटों की व्यवस्था न होने से धार्मिक क्रियाकर्म करने में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कमला कॉलोनी क्षेत्र में अवैध पार्किंग के कारण हो रही परेशानियां, रात्रि में बाईपास उपलब्ध होने के बावजूद भारी वाहनों के शहर के अंदर से गुजरने पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल, जिला महामंत्री संजीव कुमार उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग की टीमों का बकायादारों के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टोडा में विजिलेंस टीम और बिजली विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया गया। संयुक्त टीमो ने बकाएदारों के घरो पर पहुँचकर बकाया के सम्बंध मे सूचित किया और तुरंत भुगतान की हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर समयाबद्ध तरीके से भुगतान नही किया गया तो विभागीय कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।

विभागीय संयुक्त टीमों ने गांव में बिजली के बड़े बकाएंदारों और बिजली चोरी के मामलों में जुर्माना लगाए गए उपभोंक्ताओं के यहां पहुंचकर बकाया बिलों की जांच की और तत्काल भुगतान के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में बकाया जमा न करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे और सख्ती बरती जाएगी, जिसमें कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस संयुक्त अभियान से गांव में हड़कंप मच गया और कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया जमा करने या शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया। विजिलेंस विभाग की टीम में एसआई रोहिताश सिंह, एसआई नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल राम वीरेश यादव, कांस्टेबल प्रवीन और पवन कुमार शामिल रहे। वहीं बिजली विभाग की ओर से जेई मनोज कुमार, जेई आजम अकबर, छोटे जेई रंजीत कुमार तथा टेक्नीशियन बृजेश कुमार अभियान में मौजूद रहे।





# श्मशान घाट के समग्र विकास का कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित वाल्मीकि समाज के वर्षों पुराने अन्त्येष्टि स्थल की बदहाल स्थिति अब जल्द ही अतीत बनने जा रही है। नगर पंचायत द्वारा इस श्मशानघाट के समग्र विकास का कार्य शुरू करा दिया गया है, जिस पर लगभग 28 लाख रूपए की लागत आएगी। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि हाइवे के निर्माण के बाद यह अन्तएष्टि स्थल सड़क स्तर से नीचे चला गया था, जिसके कारण बरसात के दिनों में ही नहीं बल्कि सामान्य दिनों में भी पानी भरा रहता था। जलभराव की गंभीर समस्या के चलते पिछले कई वर्षों से इस स्थान पर अंतिम संस्कार करना भी मुश्किल हो गया था, जिससे वाल्मीकि समाज सहित क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

अधिशासी अधिकारी ने जानक. ारी दी कि इस विकास कार्य के अंतर्गत श्मशानघाट को उपयोग योग्य बनाने के लिए भूमि का भराव कार्य, जल निकासी की उचित व्यवस्था, आवश्यक निर्माण कार्य और मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या दोबारा न हो। नगर पंचायत का उद्देश्य है कि अन्तएष्टि स्थल को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक रूप में विकसित किया जाए, जिससे अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। यह विकास कार्य 3 से 6 माह की समयावधि में पूर्ण कराया जाएगा।

विकास कार्य का शुभारंभ विधिवत फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सभासद जय भगवान, बॉबी अरोरा, अनिल कुमार के साथ अथर सिद्दीकी, सुरेश सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विकास कार्य का उद्घाटन किया और नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की।

स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षित पड़े इस अन्तएष्टि स्थल के विकास से वाल्मीकि समाज को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा होगा, जिससे भविष्य में किसी भी मौसम में यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न की जा सके।

# गलती से भेजी गई धनराशि वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना थानाभवन में संचालित साइबर सेल टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए आवेदक द्वारा गलती से दूसरे के खाते में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से भेजी गई 70 हजार रूपए की पूरी धनराशि शत-प्रतिशत वापस करा दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 दिसंबर 2025 को कस्बा थानाभवन के मोहल्ला कस्यावान निवासी इन्जार पुत्र गुलजार ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी कि उससे भूलवश ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के दौरान 70,000 रूपए किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चले गए हैं। शिकायत मिलते ही साइबर सेल टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक की शिकायत को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराया गया। इसके पश्चात संबंधित बैंक से पत्राचार कर तकनीकी प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके परिणामस्वरूप गलती से भेजी गई पूरी धनराशि 70 हजार रूपए आवेदक के खाते में वापस करा दी गई। अपनी रकम वापस मिलने पर आवेदक इन्जार ने जनपद शामली पुलिस एवं थाना थानाभवन की साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी भी प्रकार की गलत ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, साइबर ठगी या अन्य साइबर अपराध से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें अथवा www.cyber-crime.gov.in वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर धनराशि सुरक्षित कराई जा सके। धन. राशि वापस कराने वाली टीम में बिजेन्द्र सिंह रावत प्रभारी निरीक्षक, प्रमोद कुमार, निरीक्षक अपराध, अमरजीत सिंह, कांस्टेबल, जोगेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल, थाना थानाभवन शामिल रहे। यह कार्रवाई साइबर अपराधों के प्रति पुलिस की तत्परता और आमजन के हित में की जा रही प्रभावी पहल को दर्शाती है।




## जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव खेड़ी खुशनाम में जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा कब्ज धारा पीड़ित को उलटे झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे हैं इस संबंध में पीड़ित ने उपजिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है । गांव खेड़ी खुशनाम निवासी प्रेम पुत्र आसाराम की खसरा नंबर 81म है आरोप है कि उक्त भूमि पर गांव निवासी सुनील ने अवैध कब्जा कर रखा है तथा आए दिन सुनील व उसकी पत्नी रीता उसे झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं तथा उसके खिलाफ बार-बार झूठे प्रार्थना पत्र दिए जा रहे हैं इस संबंध में पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

# भारत स्काउट-गाइड का कैंप लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** भारत स्काउट एवं गाइड, शामली के तत्वावधान में सोमवार को नगर के लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, में गाइड कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूजा मलिक द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को शुभाशीष देते हुए देशभक्ति, अनुशासन तथा स्काउटिंग के सेवा-भाव को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करते हुए गाइड गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रथम सोपान से लेकर राज्य पुरस्कार तक की यात्रा को लक्ष्य बनाकर निरंतर परिश्रम, सेवा एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए उत्साहित किया। शिविर की संचालिका मती गीता रानी जिला संगठन आयुक्त एवं श्रीमती गायत्री देवी द्वारा आज के प्रशिक्षण सत्र में छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, टोली निर्माण, स्काउट-गाइड का इतिहास, प्रार्थना, झंडा गीत आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में अनुशासन, सहयोग और राष्ट्रीय भावना का विकास किया गया।

विद्यालय की गाइड कैप्टन मती ललतेश रानी एवं मती बबीता तायल ने छात्राओं की टोलियां बनाने, शिविर की व्यवस्थाओं तथा संचालन में सक्रिय व सराहनीय सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की तालियों, प्रेरणादायक गीतों एवं सामूहिक गति. विधियों के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण अनुशासन, ऊर्जा और उल्लास से परिपूर्ण रहा।



# राजनीतिक तमाशा

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने 22 दिसम्बर को एक अंग्रेजी में प्रकाशित अपने कॉलम द बुलडोजर डिमालिश ऑफ मनरेगा में यह बात कही। उनका कालम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा। इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के सवालों के बीच गहन चिंतन का मुद्दा है कि संसद का यह शीतकालीन सत्र, जिसमें 15 बैठकें हुईं, महत्वपूर्ण और विवादास्पद विधायी कामकाज के साथ-साथ, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राजनीतिक तमाशे का साक्षी बना। दस विधेयक पेश किए गए और आठ दोनों सदनों से पारित हुए। संसदीय मंजूरी हासिल करने वाले उल्लेखनीय विधेयकों में दर्जनों अप्रचलित कानूनों को खत्म या संशोधित करने वाला विधेयक( बीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला विधेयक( आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व घटाकर नाभिकीय शक्ति में निजी क्षेत्र का निवेश सुगम बनाने वाला विधेयक और सबसे अहम, साल 2005 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए अग्रणी कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े बदलाव शामिल हैं। कई विधेयकों के नामों ने, जो हिंदी में थे, गैर-हिंदी क्षेत्रों के सांसदों के बीच एक बेचैनी पैदा की। उन्होंने उन संवैधानिक प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जो कानूनों का मसौदा अंग्रेजी में तैयार किया जाना, साथ ही जरूरत के मुताबिक अनुवाद मुहैया कराना जरूरी बनाते हैं। बीमा विधेयक का नाम है 'सबका बीमा सबकी रक्षा', जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक को 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या 'वीबी-जी राम जी' नाम दिया गया है, जो 21 दिसम्बर को राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम बन गया। वंदे मातरम् पर चर्चा में, सदस्यों ने लोकसभा में 65 प्रतिभागियों के साथ 11 घंटे बिताए और राज्यसभा में, 81 प्रतिभागियों के साथ, तकरीबन 13 घंटे बिताए। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों की देशभक्ति पर सवालिया निशान लगाने के एक और मौके की तरह करने के बजाय, संसद इस गीत को याद करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर सकती थी। चुनाव सुधारों पर गर्मागर्म बहस लोकसभा में 62 वक्ताओं के साथ तकरीबन 13 घंटे चली और राज्यसभा में 57 वक्ताओं के साथ तकरीबन 11 घंटे चली। भारतीय चुनावों में विश्वसनीयता के संकट से निपटने के लिए, यह पार्टी लाइनों से परे जाकर खुले मन से चर्चा का मौका था, लेकिन इसे भी गंवा दिया गया। चुनावों की विश्वसनीयता के सवालों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पूर्वाग्रही रवैयों से भारत के संसदीय लोकतंत्र का भला नहीं हो रहा है।

## बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें



पटना में एक डाक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर चुप्पी साध ली है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए, पीएम मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें, बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत, हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्कत बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी, अब कहा जा रहा है, उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है।

-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग

# रोजगार के लिए गारंटी मिशन



राष्ट्रपति ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीजीरामजी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की। अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है। इससे पूर्व, संसद ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसने भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचुरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

**अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं**

**रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि**

यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। (धारा 5 (1) पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

**कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्रावधान**

बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है।

**समय पर मजदूरी भुगतान**

यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है (धारा 5 (3), निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में, अनुसूची-II में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

**टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार**

इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है (धारा 4 (2), अनुसूची-I के साथ पठित)। सभी कार्य बॉटम-अप एप्रोच यानि गांव स्तर से प्रस्तावित किए जाते हैं तथा सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाता है, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का कंवर्जेंस, विखंडन से बचाव और स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण सेचूरेशन लक्ष्य के आधार पर परिणाम-आधारित योजना सुनिश्चित हो सके।

**राष्ट्रीय स्तर पर अभिसरण के साथ विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण**

सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है। यह एकीकृत योजना निर्माण का फ्रेमवर्क, मंत्रालयों और विभागों को कार्यों की अधिक प्रभावी योजना बनाने और क्रियान्वयन करने में सक्षम बनाएगा, दोहराव से बचाव और सार्वजनिक संसाधनों की अपव्यय रोकने में सहायक होगा, तथा सेचूरेशन-आधारित परिणामों के माध्यम से विकास की गति को तेज करेगा।

**सुधारित वित्तीय संरचना**

यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालई राज्यों के लिए 90:10 तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4 (5) एवं 22 (4), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोजगार तथा बेरोजगारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है।

**प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ता**

प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बेहतर मानव संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी क्षमता तथा मैदानी स्तर पर सहायता सुदृढ़ होती है और संस्थानों की परिणामों को प्रभावी रूप से प्रदान करने की क्षमता मजबूत होती है। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम, 2025, विकसित भारत/2047 के विजन के अनुरूप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोजगार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

**रोजगार की गारंटी और रोजगार की मांग का अधिकार**

यह अधिनियम रोजगार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत, धारा 5 (1) सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गई यह वृद्धि, सुदृढ़ की गई जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मजबूत करती है।

-ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार

# अस्तित्व का अंतहीन तर्क, स्वयंभू कायनात का सृष्टा क्यों नहीं



शाहिद मिर्ज़ा

इंसानी सभ्यता के इतिहास में ईश्वर का अस्तित्व हमेशा से सबसे बड़ी बहस का केंद्र रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में आधुनिकता और कथित प्रगतिशीलता की आड़ में इस बहस का स्तर निहायत ही सतही और अतार्किक होता जा रहा है। बीते 20 दिसम्बर को द लल्लनटॉप के मंच पर हुई एक चर्चा के दौरान मशहूर लेखक जावेद अख्तर और मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच का संवाद आज सोशल मीडिया और वैचारिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस डिबेट में जावेद अख्तर ने एक बार फिर नास्तिकता का पुराना राग अलापते हुए ईश्वर के वजूद को सिरे से नकार दिया और तर्क दिया कि इंसान ने खुदा को बनाया है। वहीं मुफ्ती शमाइल नदवी ने अपने नजरिए से इसका जवाब देने की कोशिश की, लेकिन इस पूरी बहस ने एक ऐसे बुनियादी सवाल को जन्म दे दिया है जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।

**तर्क का दोहरा मापदंड**

आस्तिक और नास्तिक के बीच तर्क की कसौटी पर देखा जाए तो एक बहुत ही मामूली सा फर्क महसूस होता है। आस्तिक जहां पूरी सृष्टि की शुरुआत को सुपर पॉवर से जोड़ते हैं, वहीं नास्तिक सृष्टि की रचना से इसको जोड़कर देखते हैं। जावेद अख्तर और उनके जैसे तमाम नास्तिक विचारकों का सबसे बड़ा दावा यह होता है कि यह असीम कायनात (ब्रह्मांड) किसी सुपरपावर ने नहीं बनाई, बल्कि यह खुद-ब-खुद वजूद में आई है। वे वैज्ञानिक थ्योरीज का सहारा लेकर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि जीवन और ब्रह्मांड एक आकस्मिक घटना है। अब यहां मेरा एक सीधा और बुनियादी सवाल खड़ा होता है यदि यह अनंत और अविश्वसनीय रूप से जटिल कायनात बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद-ब-खुद वजूद में आ सकती है, तो वह अल्लाह, खुदा या परमेश्वर खुद-ब-खुद वजूद में क्यों नहीं आ सकता? यह खुद ब खुद खुदा ईश्वर गॉड के वजूद में आने को लेकर क्यों स्वीकार नहीं हो सकती?

**कायनात बनाम क्रिएटर**

यह कितनी अजीब विडंबना है कि जो लोग यह मानते हैं कि खरबों आकाशगंगाएं और मानव शरीर की अद्भुत संरचना बिना किसी प्लानिंग के अचानक शून्य से प्रकट हो गई, वहीं लोग उस



चेतन सत्ता (Conscious Intelligence) के वजूद को मानने में वैज्ञानिक साक्ष्य मांगते हैं। यदि हम विज्ञान के कारण और प्रभाव (Cause and Effect) के नियम को ही आधार मानें, तो बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। अगर ब्रह्मांड एक प्रभाव है, तो उसका एक महा-कारण (First Cause) होना अनिवार्य है। नास्तिकों की समस्या यह है कि वे प्रकृति को तो स्वयंभू मान लेते हैं, लेकिन प्रकृति के रचयिता को यह दर्जा देने से इनकार करते हैं। आखिर यह दोहरा पैमाना क्यों?

**शमाइल नदवी और जावेद अख्तर की बहस का सार**

लल्लनटॉप की डिबेट में जिस तरह से जावेद अख्तर ने मुफ्ती शमाइल नदवी के सामने अपनी दलीलें रखीं, वह बौद्धिक चालाकी तो हो सकती है, लेकिन तार्किक सत्य नहीं। यदि प्रकृति को स्वयंभू माना जा सकता है, तो उस प्रकृति को पैदा करने वाली हस्ती को स्वयंभू मानने में क्या आपत्ति है? विज्ञान आज भी उस मकाम पर खामोश है जहां यह पूछा जाता है कि कुछ नहीं से सब कुछ कैसे बना। वहां आकर बड़े से बड़े तर्कशास्त्री मौन हो जाते हैं। क्या हम इतने अंधे हो चुके हैं कि हमें बेहतरीन पेंटिंग तो नजर आती है, लेकिन उसे बनाने वाले कलाकार के हाथ दिखाई नहीं देते?

**निष्कर्ष**

सच तो यह है कि ईश्वर को नकारना आज एक बौद्धिक फैशन बन गया है। बिना किसी इरादे (Will) और बिना कुन कहो कि हो जा के एक कतरा भी वजूद में नहीं आता। जो लोग कायनात को स्वयंभू मानकर ईश्वर से साक्ष्य मांगते हैं, उन्हें अपने ही तर्क के आईने में झांकना चाहिए। अगर यह दुनिया खुद बन सकती है, तो इसे बनाने वाला भी खुद-ब-खुद वजूद में हो सकता है। मुफ्ती शमाइल नदवी और जावेद अख्तर जैसे लोगों की बहसें अपनी जगह हैं, लेकिन असलियत केवल इतनी है कि उसकी कारीगरी हर तरफ मौजूद है, बस देखने के लिए अक्ल के साथ-साथ सच्चाई को स्वीकार करने का साहस चाहिए। आखिर कहां से आते हैं ये लोग जो अपनी सुविधा के अनुसार सत्य को परिभाषित करते हैं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कहीं सियासत में गच्चा तो नहीं खा गए थे चौ. चरण सिंह



वीरेश तरार

चौधरी चरण सिंह की राजनीति को आज जब पीछे मुड़कर देखा जाता है, तो एक सवाल लगातार कचोटता है क्या वे सियासत की चालों में गच्चा खा गए थे? यह सवाल यूं ही नहीं उठता। यह उस ऐतिहासिक विडंबना से जन्म लेता है, जहां एक गांधीवादी, किसान पक्षधर और जातिवाद-विरोधी नेता अपने ही समय में पराजित दिखता है और उसके विचारों के ठीक उलट शक्तियां आज भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी हैं।

चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस से अलग होना कोई तात्कालिक राजनीतिक निर्णय नहीं था। यह एक वैचारिक विच्छेद था। उनका मानना था कि कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की नैतिक पूंजी को छोड़कर सामंती सोच और पूंजीवादी झुकाव की ओर बढ़ रही है। वे बार-बार कहते रहे कि यदि भारत को वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ना है, तो जातिवाद को जन्म से अलग करना होगा। उनके लिए जाति सामाजिक अन्याय की जड़ थी, विकास की सबसे बड़ी बाधा थी। उन्होंने यह प्रश्न जवाहरलाल नेहरू के सामने भी रखा, लेकिन यह प्रश्न सत्ता के गलियारों में अनसुना रह गया। इसका अर्थ यही था कि कांग्रेस ब्राह्मणवादी सामाजिक ढांचे से टकराने का साहस नहीं जुटा पा रही थी। चौ. चरण सिंह का गांधीवाद किसी प्रतीकात्मक राजनीति तक सीमित नहीं था। उनके विचारों में ग्राम स्वराज, कुटीर उद्योग, सहकारिता, छोटे किसानों की प्राथमिकता और स्थानीय संसाधनों पर समुदाय का अधिकार केंद्रीय तत्व थे। वे मानते थे कि विकास का पैमाना बदले बिना भारत में गरीबी का उन्मूलन संभव नहीं है। उनका स्पष्ट कहना था कि अमीरों को संरक्षण देकर गरीबी हटाने की बात करना बौद्धिक हास्य है। उनका प्रसिद्ध तर्क था कि यदि नीचे से भरना शुरू किया जाए तो ऊपर वाला स्वयं जीवित रहेगा, लेकिन यदि नीचे वाले को इंतजार में रखा गया तो वह इंतजार में ही समाप्त हो जाएगा। चौधरी चरण सिंह ने उन्नीस सौ चौरासी के अपने चुनावी प्रसारण में 'ट्रिकल डाउन थ्योरी' को सिरे से खारिज किया था। उनका सवाल सीधा था भला अमीर क्यों गरीब के लिए छोड़ेगा? उसकी तो उपभोग करने की क्षमता ही असीम होती है। यह सिद्धांत न भारत में कभी काम आया, न दुनिया में कहीं सफल हुआ। इसके बावजूद आज भारत सहित अधिकांश देश इसी रास्ते पर चल रहे हैं। ऊपर वालों को भरने की होड़ में नीचे वाले के अस्तित्व का प्रश्न ही अप्रासंगिक बना दिया गया है।

उनकी दृष्टि में विकास केवल सड़कों, कारखानों और मुनाफे का नाम नहीं था। स्वच्छ जल, शौचालय, महिलाओं का स्वास्थ्य और छोटे किसानों की सुरक्षा उनके लिए उतने ही जरूरी प्रश्न थे। वे कहते थे कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही स्वस्थ समाज की नींव है। यदि माताएं स्वस्थ नहीं होंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी अस्वस्थ होंगी। यह सोच अपने समय से बहुत आगे की थी, जिसे आज भी पूरी तरह समझा नहीं गया है। चौधरी चरण सिंह जातिवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्हें लगता था कि भारतवर्ष का सबसे बड़ा शत्रु जातिवाद है। आजादी के आठ दशक बाद भी गरीब गरीब ही बना हुआ है, इसका मूल कारण वही जातिगत विभाजन है, जिसने निम्न वर्ग को सत्ता, संसाधन और अवसर से दूर



रखा। तमाम योजनाओं के बावजूद गरीबी का उन्मूलन इसलिए नहीं हो पा रहा क्योंकि उसके सामाजिक कारणों को छुआ ही नहीं गया, लेकिन यहीं पर इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना सामने आती है। कांग्रेस से अलग होने के बाद चौधरी चरण सिंह ने अपनी राजनीति के संरक्षण के लिए सांप्रदायिक शक्तियों का सहारा लिया। उत्तर प्रदेश में उन्होंने समाजवादी दलों और जनसंघ के साथ सरकारें बनाईं। यही प्रयोग उन्नीस सौ सतहत्तर में जनता पार्टी के रूप में दोहराया गया। इसका हश्र ढाई साल में ही सामने आ गया। सांप्रदायिकता ने अपने लक्ष्य साधे और सरकार गिरा दी। इससे भी अधिक चौंकाने वाली घटना यह रही कि वही जनसंघ उन्नीस सौ अस्सी में पिछले दरवाजे से इंदिरा गांधी को समर्थन देकर कांग्रेस को सत्ता में ले आया। यह आघात चौधरी चरण सिंह के लिए असहनीय था। जिन ताकतों को उन्होंने सामंतवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध एक अस्थाई औजार समझा था, वही ताकतें उनके लिए सबसे बड़ा धोखा बन गईं। माना जाता है कि यही मानसिक आघात उनके पक्षाघात का कारण बना और कुछ ही समय बाद वे दुनिया से विदा हो गए। आज जब हम पीछे देखते हैं, तो साफ दिखाई देता है कि सांप्रदायिकता ने न केवल सत्ता पर कब्जा किया, बल्कि उसने पूंजीवादी शक्तियों से हाथ मिलाकर एक ऐसा गठजोड़ बना लिया है, जिसमें सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद तीनों एक साथ काम कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल उपभोक्ता बाजार में वैश्विक पूंजीवाद को जिस स्तर का संरक्षण मिला है, वह अभूतपूर्व है। दूरसंचार से लेकर दवाइयों तक, मोटर कारों से लेकर रसायन उद्योग तककृहर क्षेत्र में कॉरपोरेट का वर्चस्व है। विडंबना यह है कि जिस कुटीर उद्योग, सहकारिता और पंचायत राज के रास्ते को गांधी और चौधरी चरण सिंह ने पूंजीवाद से बचाव का माध्यम माना था, आज उन्हीं शब्दों को मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सहकारिता की आड़ में भी नीतियां अंततः कॉरपोरेट के हित में ही केंद्रित होती दिख रही हैं। गांधी और चरण सिंह के अनुयाई भी इस छल को समझने में विफल दिखाई देते हैं। चौधरी चरण सिंह की नीतियां आज भी भारत को इस त्रिकोणीय जाल सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद से बाहर निकालने का रास्ता दिखाती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या उनके अनुयायियों में वह वैचारिक साहस बचा है? क्या वे केवल उनकी स्मृति का उपयोग करेंगे या उनके विचारों को जीवित करेंगे? यह भी कम दुखद नहीं है कि चौ. चरण सिंह की समाधि पर दशकों तक किसी प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि नहीं दी। सत्ता की जरूरत पड़ने पर उन्हें भारत रत्न दिया गया, लेकिन यह सम्मान भी राजनीति की मजबूरी अधिक और वैचारिक स्वीकार्यता कम लगता है। यदि सच्चे मन से उन्हें सम्मान देना होता, तो यह बहुत पहले हो सकता था। आज जब गांधी के नाम को योजनाओं से हटाया जा रहा है, जब गांधी केवल मुद्रा पर छपे चेहरे तक सीमित कर दिए गए हैं, तब चौधरी चरण सिंह की याद हमें यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या लोकतांत्रिक भारत में वे अंतिम सच्चे गांधीवादी थे। शायद हां। और शायद यही कारण है कि उनकी राजनीति अपने समय में हार गई, लेकिन उनके विचार आज भी हमें आईना दिखाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू। पीडीपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

## अमेरिकी प्रशासन ने करीब 30 करियर राजनयिकों को वापस बुलाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार विदेशों में अमेरिकी मिशनों में राजदूत और अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात विदेश सेवा के करीब 30 अधिकारियों को वापस बुला रही है। एसोसिएटेड प्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार कम से कम 29 देशों में राजनयिक मिशनों के प्रमुखों को पिछले हफ्ते सूचित किया गया था कि उनका कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो जाएगा। इन सभी ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अपने पद संभाले थे। सबसे ज्यादा अमेरिकी राजदूतों को अफ्रीका से वापस बुलाया गया है।

## संसदीय समिति ने शुरू की जेजू एयरलाइन विमान हादसे की जांच

**सोल।** दक्षिण कोरियाई संसदीय समिति ने पिछले वर्ष दिसम्बर में हुए एक यात्री विमान हादसा मामले की सोमवार को जांच शुरू कर दी। द. कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली की विशेष जांच समिति ने जेजू एयर के यात्री विमान हादसा मामले में अपनी जांच शुरू करने के लिए अपनी पहली बैठक की। यह विमान पिछले 29 दिसम्बर को राजधानी सोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर क्रैश हो गया था। जांच लगभग 40 दिनों में पूरी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हादसे में विमान में सवार चार क्रू मेंबर और 175 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# सिडनी के हमलावर ने पिता से सीखा बंदूक चलाना

## ऑस्ट्रेलियाई पुलिस की जांच में खुलासा



■ पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर 15 लोगों की हत्या के आरोपी व्यक्ति ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लिया था। सोमवार को जारी आस्ट्रेलियाई पुलिस एक बयान के अनुसार उन लोगों ने सुनियोजित हमले के औचित्य के बारे में एक वीडियो रिकार्ड किया था।

यह बयान सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल से नवीद अकरम की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी के बाद सार्वजनिक किया गया, जहां उसकी पेट की चोट का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने 14 दिसम्बर की गोलीबारी की घटना स्थल पर अकरम को घायल कर दिया और उसके पिता, 50 वर्षीय साजिद अकरम को मार डाला। न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार ने पुष्टि की कि नवीद अकरम को सोमवार को अस्पताल से जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में आरोप लगाया गया है कि 24 वर्षीय युवक और उसके पिता ने बान्डी बीच पर एक वार्षिक यहूदी कार्यक्रम मना रही भीड़ की ओर चार तात्कालिक विस्फोटक उपकरण फेंककर अपना हमला शुरू किया, लेकिन उपकरण फटने में विफल रहे। पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया, जिनमें विस्फोटक, काला पाउडर और स्टील बाल बियरिंग भरी हुई थीं। इनमें से कोई भी फटा नहीं, लेकिन पुलिस ने इन्हें सक्रिय आईईडी बताया। अधिकारियों ने अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगाया है, जिनमें हत्या के 15 मामले, घायल बचे लोगों के संबंध में हत्या के इरादे से नुकसान पहुंचाने के 40 मामले और एक आतंकवादी कृत्य करने का मामला शामिल है। आठ दिवसीय हनुक्का उत्सव की शुरुआत में हुआ यह यहूदी विरोधी हमला 1996 में तस्मानिया राज्य में एक अकेले बंदूकधारी द्वारा 35 लोगों की हत्या के बाद से आस्ट्रेलिया में हुई सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी की घटना थी। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सोमवार को संसद में मसौदा कानून पेश किए, जिनके बारे में प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि वे आस्ट्रेलिया में सबसे सख्त कानून बन जाएंगे। नए प्रतिबंधों में बंदूक प्रशिक्षण लाइसेंस के लिए पात्रता की शर्त के रूप में आस्ट्रेलियाई नागरिकता को अनिवार्य बनाना शामिल होगा। इससे साजिद अकरम, जो स्थाई निवास वीजा धारक भारतीय नागरिक थे, लाइसेंस के दायरे से बाहर हो जाते। साजिद अकरम के पास कानूनी तौर पर छह राइफल और शाटगन भी थीं।

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: मुनीर

## पाक सेना प्रमुख बोले: नहीं तो हालात बिगड़ जाते, मई में भारत ने तबाह किए थे 11 पाक एयरबेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसम्बर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलाबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे। अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है। मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले टीटीपी के आतंकियों में करीब 70 प्रतिशत अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं। आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसम्बर को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था।



■ मुनीर ने यह बयान 10 इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया
■ उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए

### आसिम मुनीर को सऊदी अरब सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**इस्लामाबाद/रियाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान सऊदी अरब ने मुनीर को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। मुनीर को यह सम्मान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में दिया है। इसको लेकर सेना ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने एक शाही फरमान जारी कर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंट क्लास से सम्मानित किया है, जो सऊदी अरब का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। इस दौरान सऊदी नेतृत्व ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की व्यावसायिकता और रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। इस सम्मान के जरिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ अपने मजबूत संबंधों को और भी मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

## हिरोशिमा ने सरकार से परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का किया आग्रह

**टोक्यो।** जापान के हिरोशिमा प्रांत ने सोमवार को सरकार से देश के परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। क्योटो न्यूज़ के अनुसार, हिरोशिमा प्रांत की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जारी बयान में परमाणु हथियारों के तीन सिद्धांतों की समीक्षा को लेकर स्थानीय चिंताओं का हवाला दिया गया। इन सिद्धांतों के तहत जापान में परमाणु हथियारों के कब्जे, उत्पादन या प्रवेश की अनुमति देने पर रोक हैं। बयान में कहा गया कि परमाणु बमबारी झेलने वाला एकमात्र देश होने के नाते परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। यह बयान प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के नेतृत्व वाली सरकार में सुरक्षा नीति तैयार करने में शामिल एक अधिकारी के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जापान को परमाणु हथियार रखने चाहिए। इस बयान से स्थानीय लोगों, जिनमें परमाणु बम हमले में बचे लोग भी शामिल हैं, की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा परमाणु बमों से तबाह हुए हिरोशिमा और नागासाकी प्रांतों या नगर विधानसभाओं द्वारा देश के परमाणु-विरोधी सिद्धांतों पर पुनर्विचार के संबंध में यह पहली लिखित राय है।

## न्याय विभाग ने फिर जारी की राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन के हाल ही में जारी दस्तावेजों की एक तस्वीर फिर से जारी की है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नजर आ रहे हैं। विभाग ने कहा है कि इस तस्वीर में कोई भी एपस्टीन पीड़ित नहीं दिखाया गया है। न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयार्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था।

न्याय विभाग ने एक पोस्ट में कहा, दक्षिणी जिला न्यूयार्क ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की एक तस्वीर पर संभावित कार्रवाई के लिए संकेत दिया था। सावधानी के तौर पर, न्याय विभाग ने समीक्षा के लिए तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था। समीक्षा के बाद यह पाया गया कि तस्वीर में कोई एपस्टीन पीड़ित नहीं है, इसलिए इसे बिना किसी बदलाव के फिर से प्रकाशित किया गया है। इसके पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन दस्तावेजों से जुड़ी 16 फाइलें न्याय विभाग की वेबसाइट से हटा दी गई हैं। इनमें से एक हटाई गई फाइल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर थी। अन्य हटाई गई फाइल में ज्यादातर स्पष्ट चित्र, डाक पेटियों वाले खांचे (स्लाट) टाइल से बना गलिया और नाम व अपार्टमेंट के नंबर वाली नोटबुक के पन्ने शामिल थे। न्याय विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और केवल वैधानिक रूप से आवश्यक जानकारी को ही छिपाएगा। विभाग को कानून के तहत पीड़ितों, नाबालिगों या संभावित पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी को छिपाना होता है। विभाग ने यह भी कहा कि कोई भी जानकारी प्रसिद्ध लोगों या राजनीतिक रूप से संवेदनशील व्यक्तियों बचाने के लिए छिपाई नहीं गई है और भविष्य में भी नहीं छिपाई जाएगी। न्याय विभाग को पीड़ितों और उनके वकीलों की ओर से कुछ जानकारी हटाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं।



न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयॉर्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थायी रूप से हटा दिया था

# भारतीय मूल के युवक की धमकी पर चर्च के कार्यक्रम रद्द

■ चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक सिंगापुरवासी व्यक्ति पर एक चर्च में झूठी आतंकवादी धमकी देने का आरोप लगाया गया। इस कारण रविवार की सभी प्रार्थना सभाएं रद्द कर दी गईं।

कोकुलानंथन मोहन, जिन पर संयुक्त राष्ट्र (आतंकवाद विरोधी उपाय) विनियमों के विनियमन 8(2)(ए) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्होंने ऊपरी बुकिट तिमाह क्षेत्र में सेंट जोसेफ चर्च में एक संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक पाश आवासीय क्षेत्र शामिल है। चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर रविवार को सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप है, जो पत्थर के कंकड़ों से भरे हुए थे और जिनमें उभरे हुए लाल तार लगे हुए थे, जिन्हें काले और पीले चिपकने वाले टेपों से एक साथ बांधा गया था। यह कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति को इस झूठे विश्वास में डालने के इरादे से किया गया था कि वस्तु में विस्फोट या आग लगने की संभावना है और इस प्रकार व्यक्तिगत चोट या संपत्ति को नुकसान हो सकता है। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उस व्यक्ति ने कथित तौर पर चर्च परिसर के भीतर एक खुद से बनाई वस्तु रखकर घटना को अंजाम दिया था, जो एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण से मिलती जुलती थी। माना जाता है कि उसने अकेले ही यह काम किया था, और फिलहाल ऐसा कोई सबूत नहीं है. जिससे यह पता चले कि यह धार्मिक रूप से प्रेरित हमला था या आतंकवादी कृत्य था। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हेंनें आरोपी की मनोरोग संबंधी मूल्यांकन के लिए तीन सप्ताह के लिए हिरासत में लिया गया है और वे 12 जनवरी को अदालत में वापस आएंगे।

# अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की निंदा

## बांग्लादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक डेमोक्रेट सांसद ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने की निंदा करते हुए बंगलादेश प्रशासन से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का आग्रह किया है।

इलिनॉइस के डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने सोमवार को कहा कि वे बंगलादेश में खतरनाक अस्थिरता के बीच दीपू चंद्र दास की लक्षित हत्या से 'स्तब्ध' हैं। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा कि बंगलादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए और इस घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए। इसके अलावा, हिंदू समुदायों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा से बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बंगलादेशी अधिकारियों ने ईश निंदा के आरोपों में दीपू चंद्र दास (25) की हत्या से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हमला गुरुवार को मेमनसिह शहर में हुआ था। बंगलादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि पुलिस ने तीन अन्य को हिरासत में लिया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गिरफ्तारियों की पुष्टि की और पूरी जांच का वादा किया। सरकार ने पूरी जांच का वादा करते हुए सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई है। गौरतलब है कि मुस्लिम बहुल बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां साम्प्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है।



■ घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए: कृष्णमूर्ति




# ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज को हटाने की मांग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए जानलेवा आतंकवादी हमले के बाद तीन लाख से ज्यादा लोगों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के इस्तीफे और आप्रवासन नीति में बदलाव की मांग की है। याचिका से जुड़ी वेबसाइट चेंजडॉटऑर्ग के अनुसार, अब तक तीन लाख 10 हज़ार लोग इस याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

सिडनी बीच आतंकवादी हमले के पीड़ितों को 21 दिसम्बर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अल्बानीज़ के खिलाफ भीड़ ने नारेबाज़ी की थी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को एक सुरक्षित जगह पर ले जाना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों ने उन्हें कमज़ोर कहा और चिल्लाकर कहा कि उनके हाथ खून से सने हैं।



■ तीन लाख लोगों ने किए याचिका पर हस्ताक्षर

याचिका में लिखा था कि बॉन्डी बीच पर हाल की दुखद घटनाओं और राष्ट्रीय चिंताओं को देखते हुए, अब देश के नेतृत्व पर ध्यान देने का समय आ गया है। कई निर्दोष लोगों की जान लेने वाली बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी हमारे समाज को सुरक्षित रखने के लिए ज़रूरी कार्रवाई की एक और याद दिलाती है। इस इस्ताक्षर याचिका पर बड़े पैमाने पर आप्रवासन पर चिंता जताई है, जिसका ऑस्ट्रेलिया में विरोध हो रहा है। याचिका में कहा गया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की नीति जनता की राय से मेल नहीं खाती एवं सरकार और लोगों के बीच खाई बढ़ाती है। याचिका में लिखा है कि हमें ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उन लोगों के लिए एक बेहतर छानबीन नीति की ज़रूरत है जिन्हें हम इस देश में लाते हैं। उल्लेखनीय है कि 14 दिसम्बर को दो आतंकवादियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें एक हमलावर सहित 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने हमलावरों की पहचान 50 वर्षीय साजिद अकरम और उसके 24 साल के बेटे नावेद अकरम के तौर पर की। यह हमला तब हुआ जब बीच पर यहूदी समुदाय के लोग हनुक्का पर्व मना रहे थे।

### अल्बानीज ने बॉन्डी बीच आतंकी हमले को लेकर यहूदी समुदाय से माफ़ी मांगी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने नफरती भाषण से निपटने के लिए नया कानून बनाने का वादा करते हुए बॉन्डी बीच पर यहूदियों पर की गई सामूहिक गोलीबारी के बाद देश के यहूदी समुदाय से माफी मांगी है। अल्बानीज ने कैनबरा में सोमवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के आयोजन में 15 लोगों की गोलीबारी से मौत के लिए 'जिम्मेदारी का बोझ' महसूस करते हैं।

## शेंगेन में रूसी राजनयिकों पर यात्रा प्रतिबंध भेदभावपूर्ण: रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि यूरोपीय संघ की ओर से शेंगेन क्षेत्र में रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध स्पष्ट तौर पर भेदभावपूर्ण नीति के तहत लिया गया निर्णय है।

स्विट्जरलैंड में रूसी राजदूत सर्गेई गार्मोनिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ 19वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यूरोपीय संघ में रूसी राजनयिकों की आवाजाही उस देश तक सीमित कर दी थी जहां वे मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा रूसी राजनयिकों और उच्चायोग के कर्मचारियों को अधिकारियों को सूचित करना होगा यदि वे किसी अन्य यूरोपीय संघ सदस्य देश की यात्रा करने या वहां से गुजरने का इरादा रखते हैं। ये प्रतिबंध 25 जनवरी, 2026 से लागू होने वाले हैं। गार्मोनिन ने कहा कि अब तक बर्न में रूसी दूतावास को स्विस पक्ष से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि स्विट्जरलैंड यूरोपीय संघ की ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया दिये जाने का इंतजार कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है यह स्पष्ट रूप से एक भेदभावपूर्ण नीति है। उधर, रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने कहा है कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसियों को मल्टी-एंट्री शेंगेन वीजा जारी करने पर प्रतिबंध और रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध के बाद रूस पहले से ही जवाबी उपायों पर काम कर रहा है।

